Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 99 जयपुर, शुक्रवार, 13 सितम्बर 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे

### कोलकाता रेप-मर्डर केस, ममता बोलीं- मैं इस्तीफा देने को तैयार

# प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स के खिलाफ एक्शन नहीं लूंगी, बड़े होने के नाते उन्हें माफ किया

■ संजीवनी टुडे

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि मैं उन लोगों से माफी मांगना चाहती हूं जिन्हें लगा था कि आज डॉक्टरों और सरकार के बीच बातचीत हो जाएगी और इस आंदोलन का हल निकलेगा। अगर लोग चाहते हैं तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। मैं भी आरजी कर मेडिकल कॉलेज के रेप-मर्डर केस में न्याय चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मैंने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बातचीत के लिए तैयार ही नहीं हुए। जूनियर डॉक्टर्स के काम रोक देने के चलते अब तक 27 लोगों की जान गई है, जबकि 7 लाख से ज्यादा मरीजों की हालत खराब है। इसके बावजूद मैं उनके खिलाफ कोई एक्शन नहीं लूंगी, बड़े होने के नाते मैंने उन्हें माफ किया। ममता ने यह भी कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर का मामला कोर्ट में है, ऐसे में हम इस मीटिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की इजाजत नहीं दे सकते थे। हमने इस बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग करने की तैयारी की थी, अगर डॉक्टर्स चाहते तो हम सुप्रीम कोर्ट की इजाजत लेकर उनसे यह रिकॉर्डिंग शेयर कर देते। दरअसल, बंगाल में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टर्स को ममता सरकार ने मुलाकात के लिए बुलाया था। लेकिन डॉक्टर्स ने आज भी सरकार से बातचीत नहीं की। डॉक्टर्स मीटिंग का लाइव टेलीकास्ट कराने की शर्त पर अड़े रहे।



### डॉक्टर्स ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था

जबकि सरकार इसके लिए नहीं मानी। सरकार ने जूनियर डॉक्टर्स को 5 बजे बैठक के लिए बुलाया था चीफ सेक्रेटरी मनोज पंत ने डॉक्टर्स को शाम 5 बजे मुलाकात के लिए बुलाया था। डॉक्टर्स इस बैठक में 5:25 बजे पहुंचे। उनके डेलिगेशन में 15 की जगह 30 मेंबर मौजूद थे। इसके बाद चीफ सेक्रेटरी, राज्य के डीजी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने डॉक्टर्स को मनाने की कोशिश की कि वे लाइव स्ट्रीमिंग की जिद न करें। पिछले 3 दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों के साथ बातचीत की यह तीसरी पहल थी। डॉक्टर्स ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। उनकी 5 मांगें हैं। उन्होंने इस पर बातचीत के लिए 4 शर्तें रखी हैं। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में रेप-मर्डर केस को लेकर जूनियर डॉक्टर्स 34 दिन से प्रदर्शन कर रहे हैं। पूर्व प्रिंसिपल के ठिकानों पर एक हफ्ते में दूसरी बार क्कका छापा दूसरी तरफ, प्रवर्तन निदेशालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से जुड़े ठिकानों पर आज फिर छापा मारा है।

### ईडी घोष के पिता सत्य प्रकाश घोष के घर पर तलाशी ले रही

ईडी की टीम कोलकाता के चिनार पार्क स्थित घोष के पिता सत्य प्रकाश घोष के घर पर तलाशी ले रही है। घर के कुछ कमरों में ताला लगा हुआ था। ईडी ने ताला तोड़ने वाले को बुलाकर दरवाजा खुलवाया। घोष पर अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी का आरोप है। एक हफ्ते के भीतर उसके ठिकानों पर ईडी का यह दूसरा छापा है। क्कने 6 सितंबर को भी छापा मारा था। सीबीआई ने घोष को 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। रेप-मर्डर की घटना के बाद घोष ने 12 अगस्त को इस्तीफा दे दिया था। सरकार ने कोई भी शर्त मानने से इनकार किया था जूनियर डॉक्टरों ने बुधवार (11 सितंबर) को बंगाल सरकार से मीटिंग के लिए समय मांगा था। हालांकि, सरकार ने डॉक्टरों की शर्तें मानने से इनकार कर दिया और उन पर राजनीति करने का आरोप लगाया। राज्य स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ऐसा लगता नहीं हैं कि आंदोलनकारी डॉक्टर्स खुले दिमाग से बातचीत करना चाहते हैं। हम उनकी हर बात सुनने को तैयार हैं, लेकिन वे बैठक के लिए पहले से शर्तें नहीं रख सकते हैं। चंद्रिमा ने कहा कि जूनियर डॉक्टर्स ने बुधवार सुबह 3:49 बजे मेल भेजकर बैठक करने की बात कही थी। इतनी सुबह मेल भेजने के पीछे राजनीतिक उकसावा हो सकता है। डॉक्टर्स बोले- उम्मीद थी सरकार हमारी मांग मान लेगी जूनियर डॉक्टरों ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, ‘हमें उम्मीद थी कि सरकार हमारी मांग मान लेगी।

### अगस्त में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65% पर पहुंची

# सब्जी महंगी, दाल सस्ती हुई, जुलाई में 5 साल के निचले स्तर 3.54% पर रही थी

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सब्जियों के महंगे होने से अगस्त महीने में रिटेल महंगाई बढ़कर 3.65% हो गई है। जुलाई महीने में यह घटकर 3.54% पर आ गई थी। ये महंगाई का 59 महीने का निचला स्तर था। वहीं, खाद्य महंगाई दर 5.42% से बढ़कर 5.66% हो गई है। शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 2.98% से बढ़कर 3.14% हो गई। ग्रामीण महंगाई 4.10% से 4.16% पर पहुंच गई। अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 9.94% थी, अब 5.66% पर आई महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.42% से बढ़कर 5.66% हो गई है। वहीं एक साल पहले अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 9.94% रही थी। यानी, सालाना आधार पर भी ये घटी है। आरबीआई ने इस वित्त वर्ष के लिए महंगाई अनुमान 4.5% रखा था हाल ही में हुई मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के दौरान टउक्रने इस वित्त वर्ष के लिए अपने महंगाई अनुमान को 4.5% पर रखा था। यह पहले भी इतना ही था। आरबीआई गवर्नर ने कहा था- महंगाई कम हो रही है, लेकिन प्रोग्रेस धीमी और असमान है। भारत की महंगाई और ग्रोथ ट्रैजेक्टरी संतुलित तरीके से आगे बढ़ रही है,



लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना महत्वपूर्ण है कि महंगाई टारगेट के अनुरूप हो। महंगाई कैसे प्रभावित करती है महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए यदि महंगाई दर 6% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 94 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई कैसे बढ़ती-घटती है महंगाई का बढ़ना और घटना प्रोडक्ट की डिमांड और सप्लाई पर निर्भर करता है। अगर लोगों के पास पैसे ज्यादा होंगे तो वे ज्यादा चीजें खरीदेंगे। ज्यादा चीजें खरीदने से चीजों की डिमांड बढ़ेगी और डिमांड के मुताबिक सप्लाई नहीं होने पर इन चीजों की कीमत बढ़ेगी। इस तरह बाजार महंगाई की चपेट में आ जाता है।

### मणिपुर में उपद्रवियों ने स्वास्थ्य केंद्र में आग लगाई

# इंफाल में तनाव के बीच सन्नाटा, राज्यपाल असम गए, इमा मार्केट में डटे 300 छात्र

■ संजीवनी टुडे

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिला स्थित बोरोबेक्रा में उपद्रवियों ने बुधवार रात करीब 12.50 बजे एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आग लगा दी। घटना पुलिस चौकी से महज 150 मीटर दूर हुई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के पीछे कुकी समुदाय के लोगों के शामिल होने की आशंका है। दूसरी तरफ, राजधानी इंफाल में कल पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा। इंफाल ईस्ट और वेस्ट में कर्फ्यू जारी है। मैतेई बहुल 5 जिलों में इंटरनेट बंद है। राज्यपाल एल. आचार्य असम चले गए। उनके पास मणिपुर गवर्नर का अतिरिक्त प्रभार है। इंफाल में 10 सितंबर को सुरक्षाबलों और स्टूडेंट्स में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें करीब 100 स्टूडेंट्स घायल हुए थे। इस प्रदर्शन में इंफाल घाटी के 100 से ज्यादा स्कूल-कॉलेजों के बच्चे शामिल थे। एटघ्क्क डीआईजी का कहना है कि हालात तनावपूर्ण, लेकिन नियंत्रण में हैं। इमा मार्केट में 300 से ज्यादा छात्र प्रदर्शन कर रहे कर्फ्यू के बावजूद इंफाल के इमा मार्केट में 300 से ज्यादा छात्र प्रदर्शन पर डटे हुए हैं। भास्कर ने प्रदर्शन को लीड करने वालों में से एक छात्र नेता दीजेन तालेख मायुम से बात की। वे धनामांजुरी यूनिवर्सिटी में छात्र संघ महासचिव हैं। उन्होंने कहा कि हम लंबी लड़ाई की तैयारी में हैं। हमने बांग्लादेश में छात्रों की



ताकत देखी है। बीते 16 महीने में राज्य बर्बाद हो चुका है, इसलिए हम राज्यपाल से मांगें मनवाकर ही घर लौटेंगे। जब उनसे वजह पूछी तो उन्होंने कहा- कुकी उग्रवादी ड्रोन हमले कर रहे हैं, सरकार सुरक्षा नहीं दे पा रही है। हमारे माता-पिता प्रदर्शन करते-करते थक चुके हैं। कभी कर्फ्यू तो कभी हिंसा के चलते बाजार बंद। स्कूल-कॉलेज खुले हैं, लेकिन वहां पढ़ने कैसे जाएं ऐसे में अब हम खुद को बचाने नहीं उतरेंगे तो कौन उतरेगा कुकी बोले- हमने रॉकेट-ड्रोन हमले नहीं किए, मैतेई झूठ फैला रहे उधर, कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन के गृह सचिव मांग खोंगसाई ने भास्कर से कहा कि मणिपुर पुलिस आईजी और असम राइफल्स के डीजी बुधवार (11 सितंबर) को कुकी बहुल चूराचांदपुर आए थे।

### जनजातियां सर्विलांस के लिए ड्रोन इस्तेमाल कर रही

ड्रोन और रॉकेट हमलों के सवाल पर उन्होंने कहा कि 3 मई 2023 के बाद से दोनों जनजातियां सर्विलांस के लिए ड्रोन इस्तेमाल कर रही हैं। लेकिन, ड्रोन से बम गिराने और रॉकेट से मिसाइलें दागने के आरोप गलत हैं। खोंगसाई ने कहा कि हम अपने इलाकों की रक्षा के लिए पुंपि का इस्तेमाल करते हैं। पुंपि धातु से बनी एक पाइप होती है, जिसमें बारूद और लोहे के टुकड़े भरे होते हैं। इसे हम 1919 के एंग्लो-कुकी वॉर के समय से बना रहे हैं।

### सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी का निधन

# निमोनिया की वजह से दिल्ली एम्स में भर्ती थे, परिवार ने अस्पताल को बॉडी डोनेट की

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने अस्पताल को सीपीआई (एम) नेता की बॉडी डोनेट की है। वे तीन बार पार्टी के महासचिव रहे थे। वहीं, सीपीआई (एम) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ‘कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ था। डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी।’ एम्स में रहते बुद्धदेव भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि दी थी येचुरी ने एम्स में भर्ती रहते हुए 22 अगस्त को पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने 6 मिनट 15 सेकेंड के वीडियो संदेश में कहा था, ‘यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे एम्स से ही बुद्धो दा के प्रति भावनाएं प्रकट करना और लाल सलाम कहना पड़ रहा है।‘ येचुरी ने 23 अगस्त को सोशल मीडिया एक्स पर जम्मू-कश्मीर में सीपीएम, कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच चुनावी गठबंधन को लेकर पोस्ट किया था।



### देशभर के नेताओं ने येचुरी को श्रद्धांजलि दी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सीताराम येचुरी मेरे अच्छे दोस्त थे। वे भारत के विचार के सच्चे रक्षक थे और देश को अच्छी तरह समझते थे। मैं उनके साथ की गई लंबी चर्चाओं को बहुत याद करूंगा। इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि येचुरी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वे एक अनुभवी सांसद थे और उनका जाना राष्ट्रीय राजनीति के लिए बड़ी क्षति है। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि येचुरी जी के निधन पर गहरा दुख हुआ। वह भारतीय राजनीति के एक दिग्गज नेता थे। वह मुद्दों की बारीक समझ रखने वाले और जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ाव के लिए जाने जाते थे। उनकी आत्मा को शांति मिले। 12वीं परीक्षा में देश भर में पहली रैंक हासिल की सीताराम येचुरी ने 10वीं कक्षा तक ऑल सेंट्स हाई स्कूल में पढ़ाई की। वे 1969 के तेलंगाना आंदोलन के दौरान दिल्ली पहुंचे। येचुरी ने दिल्ली में प्रेसिडेंट्स एस्टेट स्कूल में एडमिशन लिया और एउट्टक हायर सेकेंडरी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से इकोनॉमिक्स में फर्स्ट रैंक से बीए (ऑनर्स) किया। फिर जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी से इकोनॉमिक्स में एमए किया। उन्होंने पीएचडी के लिए जेएनयू में एडमिशन लिया था।

# हरियाणा विधानसभा 52 दिन पहले भंग: देश में संवैधानिक संकट का ऐसा पहला मामला

■ संजीवनी टुडे

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेश विधानसभा भंग कर दी है। राज्य की भाजपा सरकार की सिफारिश पर गवर्नर ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया। विधानसभा भंग करने के नोटिफिकेशन में गवर्नर ने लिखा- ‘भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के खंड (2) के उप-खंड (बी) द्वारा मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैं बंडारू दत्तात्रेय, राज्यपाल, हरियाणा तत्काल प्रभाव से हरियाणा विधानसभा भंग करता हूं। सीएम नायब सिंह सैनी की अगुआई वाली कैबिनेट ने बुधवार को ही विधानसभा भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। गवर्नर के मुताबिक, अगली सरकार का गठन होने तक नायब सैनी कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। दरअसल, 6 महीने की अवधि में विधानसभा सेशन न बुला पाने के संवैधानिक संकट से बचने के लिए सैनी सरकार ने यह कदम उठाया। हरियाणा की 14वीं विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर तक था। यानी अभी कार्यकाल पूरा होने में 52 दिन बचे थे। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार, विधानसभा के 2 सेशन में छह महीने से ज्यादा का गैप नहीं हो सकता। प्रदेश विधानसभा के पिछले सेशन को 12 सितंबर को 6 महीने पूरे हो गए। चूंकि राज्य में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं इसलिए सेशन बुलाना संभव नहीं था। देश में इस तरह के संवैधानिक संकट के बाद विधानसभा भंग करने का यह पहला मामला है। 1947 में देश आजाद होने के बाद कभी किसी राज्य में ऐसी नौबत नहीं आई। यहां तक कि कोरोनाकाल में भी हरियाणा में ऐसे ही संकट को टालने के लिए एक दिन का सेशन बुलाया गया था। इससे पहले भी हरियाणा विधानसभा 3 बार समय से पहले भंग की गई लेकिन उन तीनों ही मामलों में समय से पहले चुनाव करवाने के लिए ऐसा किया गया था। संवैधानिक मामलों के जानकार एडवोकेट हेमंत कुमार का कहना है कि संविधान के अनुच्छेद 174(1) के तहत किसी भी राज्य की विधानसभा के 2 सत्रों के बीच 6 महीने से ज्यादा का समय नहीं होना चाहिए। हरियाणा के लिहाज से देखें तो यहां 13 मार्च 2024 को एक दिन का विशेष सत्र बुलाया गया था।

### विधानसभा उप चुनाव में गठबंधन नहीं करेगी बीएपी

# 4 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी पार्टी, कांग्रेस-बीजेपी के समीकरण बिगड़ेंगे

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। प्रदेश की छह सीटों पर होने वाले विधानसभा उप चुनाव को लेकर भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने बड़ा फैसला किया है। बीएपी किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। बीएपी इस बार अकेले चुनाव लड़ने जा रही है। बीएपी चार सीटों चौरासी,सलूंबर के साथ दौसा और देवली-उनियारा में अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। बीएपी के चार सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ने की वजह से कांग्रेस और बीजेपी के समीकरण बिगड़ेंगे। पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन की चर्चा थी, लेकिन गठबंधन नहीं होने की वजह से अब उप चुनाव में नए समीकरण बनने की संभावना है। बीएपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफ़ेसर जितेंद्र मीणा ने भास्कर से कहा कि फिलहाल गठबंधन को लेकर किसी पार्टी से कोई चर्चा नहीं हुई है। बीएपी चार सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। हम कोई गठबंधन करने नहीं जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने बीएपी को समर्थन दिया था, लेकिन इस समर्थन में भी पेंच आ गया था।

### सांसद रोत का भी गठबंधन से इनकार

बीएपी सांसद राजकुमार रोत भी गठबंधन से इनकार कर रहे हैं। रोत ने कहा कि अभी किसी से गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। 99 फीसदी संभावना है कि पार्टी अपने दम पर स्वतंत्र चुनाव लड़ने जा रही है। हम जनता के मुद्दों पर लड़ते हैं। अब तक जिस तरह जनता ने भरपूर सहयोग दिया है, इस तरह का सहयोग हमें उप चुनाव में मिलेगा, क्योंकि हम सीधे ग्रास रूट के मुद्दे उठा रहे हैं। बांसवाड़ा लोकसभा और बागीदौरा विधानसभा उप चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मैदान में डटे रहे थे। हालांकि कांग्रेस



ने उन उम्मीदवारों को मैदान से हटने को कहा था, लेकिन नाम वापसी की अंतिम तारीख तक उम्मीदवार गायब हो गए थे और उन्होंने नाम वापस नहीं लिया था। इस वजह से भी बीएपी और कांग्रेस के बीच गठबंधन जैसी सियासी गर्मजोशी नहीं रही थी। यही कारण है कि इस बार बीएपी गठबंधन को लेकर कांग्रेस के प्रति उतनी नरम नहीं दिख रही है। बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत ने उप चुनाव को लेकर स्थिति साफ कर दी है। उनका कहना है कि हम जनता के मुद्दे पर लड़ते हैं, इसलिए इस बार अकेले मैदान में उतरेंगे। बीजेपी का आदिवासी इलाकों में प्रभाव है। बांसवाड़ा सीट पर राजकुमार रोत सांसद हैं। रोत पहले विधायक थे। बीएपी के तीन एमएलए हैं। रोत के सांसद बनने के बाद खाली हुई सीट पर उप चुनाव हो रहे हैं। सलूंबर सीट पर हालांकि बीजेपी जीती थी, लेकिन बीएपी उम्मीदवार ने 50000 से भी ज्यादा वोट लिए थे। उप चुनाव में बीएपी अगर 4 सीटों पर मैदान में रहती है तो बीजेपी विरोधी वोट दो जगह बंटेगा और इसका कांग्रेस को कई जगह पर सीधा नुकसान होगा।

### मोदी के जन्मदिन पर अजमेर दरगाह में लगेगा लंगर

# दुनिया की सबसे बड़ी देग में पकेंगे 4 हजार किलो चावल, दुआ के बाद बांटे जाएंगे

■ संजीवनी टुडे

अजमेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को अजमेर दरगाह में दुनिया की सबसे बड़ी देग (कड़ाही) में 4 हजार किलो मीठे चावल पकाए जाएंगे। तैयार चावल का प्रसाद लोगों में बांटा जाएगा। अजमेर दरगाह के गद्दीनशीन सैय्यद अफसान चिश्ती ने बताया- पीएम के जन्मदिन पर इंडियन माइनारिटी और चिश्ती फाउंडेशन ने लंगर करने का निर्णय किया है। इसके लिए 15 वॉलेंटियर्स लगाए जाएंगे। जन्मदिन से एक दिन पहले कच्ची सामग्री एकत्र की जाएगी। चिश्ती ने बताया कि ऐसा पहली बार होगा, जब किसी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दरगाह में लंगर का आयोजन होगा। चिश्ती ने बताया- दरगाह में छोटी और बड़ी दो देग है। बड़ी देग (दुनिया की सबसे बड़ी) में 4800 किलो और छोटी देग में 2400 किलो मीठे चावल पकाए जाते हैं। इसके बाद प्रसाद बांटा जाता है। इसमें केवल शाकाहारी भोजन ही पकाया जाता है। चिश्ती ने बताया- दरगाह परिसर में मौजूद बड़ी और छोटी देग जायरीन की आस्था से जुड़ी है। बताया जाता है कि मन्नत पूरी होने पर जायरीन अपनी आस्था और क्षमता के अनुसार देग पकवाते हैं और लंगर लगाते हैं। जायरीन देगों में पैसा, ज्वेलरी, शकर, चावल, मेवे अपनी श्रद्धा के अनुसार डालते हैं, ताकि लंगर में उनका भी सहयोग हो सके। वहीं कई लोग पूरी देग ही पकवाते हैं। इसके लिए आवश्यक सामग्री मंगवाकर भेंट करते हैं। इसके लिए बुकिंग की जाती है। अंजुमन कमेटी की ओर से देग का हर महीने ठेका दिया जाता है। इससे आने वाले पैसे वेलफ़ेयर में खर्च किए जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से साल 2014 से ही उर्स के मौके पर हर साल चादर भेजी जाती रही है। वह दिल्ली में ही दरगाह कमेटी के पदाधिकारी को यह चादर सौंपते हैं।

### जयपुर मेयर मुनेश गुर्जर को एसीबी ने जारी किया नोटिस

# 19 सितंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा, एक दिन पहले डीएलबी दे चुकी नोटिस

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर की परेशानी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। डीएलबी के बाद अब गुरुवार को एसीबी ने मेयर को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में 19 सितंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। दरअसल, नगर निगम ऑफिस में मुनेश गुर्जर के नाम नोटिस जारी किया गया। इसमें लिखा- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध प्रमाणित पाया गया है। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आपके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिली है। हाई कोर्ट ने भी आपके खिलाफ दो सप्ताह (19 सितंबर तक) में चालान पेश करने के आदेश जारी कर रखे हैं। ऐसे में आपको 19 सितंबर सुबह 10 बजे न्यायालय में पहुंचने के लिए पाबंद किया जाता है। दरअसल, मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने को रिकॉर्ड पर लेते हुए दो सप्ताह बाद सुनवाई होनी है। सोमवार को जस्टिस एनएस ढड्ढा ने यह निर्देश सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था। इसके बाद डीएलबी ने एक्शन लेते हुए बुधवार को नोटिस जारी किया था।

### चालान पेश करने के लिए 2 सप्ताह का समय



राजस्थान हाईकोर्ट ने मुनेश गुर्जर के खिलाफ चालान पेश करने के लिए 2 सप्ताह का समय दिया। कोर्ट में मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने की रिकॉर्ड पर लेकर सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। जस्टिस एनएस ढड्डा ने यह निर्देश सोमवार को सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था। मेयर मुनेश गुर्जर के पति सुशील गुर्जर की पट्टे बनाने की एवज में 41 लाख रुपए की रिश्वत मामले में गिरफ्तारी हुई थी। उन पर आरोप था कि पट्टे जारी करवाने के लिए दो दलालों के जरिए रिश्वत मांगी गई थी। सुशील के साथ दलाल नारायण सिंह और अनिल दुबे को भी गिरफ्तार किया था। उस वक्त एसीबी ने मेयर के घर से तलाशी ली तो पट्टे की फाइलें मिली थीं। साथ ही 41 लाख रुपए नकद मिले थे। वहीं नारायण सिंह के घर से भी 8.95 लाख रुपए मिले थे। तब से ही एसीबी की ओर से इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। नोटिस में डीएलबी ने मुनेश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप पर जवाब मांगा है। इसके लिए तीन दिन का समय दिया था। ऐसे में ये माना जा रहा है कि इसके बाद बड़ा एक्शन हो सकता है। गौरतलब है कि बुधवार को स्थानीय निकाय विभाग के उप निदेशक विनोद पुरोहित ने मेयर मुनेश गुर्जर को धारा 39 (1), राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 के तहत नोटिस जारी कर पूछा है कि ‘आपको भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा पट्टा जारी करने की एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत राशि लेने के आरोप से आरोपित किया है।

## खबरें फटाफट

### कलश यात्रा के साथ आज होगा श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ

■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। कस्बे के मालाखेड़ा गेट स्थित शीतला माता मंदिर परिसर श्री राम दरबार में आज से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होगा। शुक्रवार को प्रातः 8:15 पर बैंड बाजा के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंचेगी। श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 13 सितंबर से 20 सितंबर तक प्रतिदिन प्रातः 10.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक होगी। जिसमें आचार्य सुरेन्द्र कुमार शास्त्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। 20 सितंबर को हवन पूजन के साथ भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

### विधिक जागरूकता शिविर में राजस्थान पीड़ित मुआवजा योजना 2011 के बारे में दी जानकारी

■ संजीवनी टुडे

गोविंदगढ़(अलवर)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार पंचायत समिति गोविंदगढ़ कि भारतीयम विज्ञान उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में राजस्थान पीड़ित मुआवजा योजना 2011 पर कानूनी विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि साथ ही बच्चों को बताया कि अनुच्छेद 14 के भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता से या विधियों के सामान संरक्षण से वंचित नहीं किया जायेगा। अनुच्छेद 21 के अनुसार किसी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही वंचित किया जायेगा,अन्यथा नहीं। अनुच्छेद 21 (इ) के अनुसार राज्य, छः वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले सभी बालकों के लिये निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है। इस दौरान प्रधानाध्यापक रजत गेरा, पीएलवी अनिल कुमार, स्कूल स्टाफ,बच्चे आदि उपस्थित रहे।

### तेजा दशमी के उपलक्ष में आज होगा भव्य कार्यक्रम

■ संजीवनी टुडे

सिरोही। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती स्थित मांडवा रोड स्थित वीर तेजा सेवा संस्थान सिरोही के प्रांगण में आज शाम को तेजा दशमी के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वीर तेजा सेवा संस्थान के संरक्षक और आदर्श जाट महासभा सिरोही के जिला अध्यक्ष भरतपाल बैंदा ने बताया कि लोक देवता तेजाजी महाराज के तेजा दशमी कार्यक्रम में आज शाम को 7:00 बजे से समाज के भवन में राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक कलाकार एवं गौ भक्त ओम जी मुंडेल एंड पार्टी के द्वारा शानदार तेजाजी के भजनों के साथ जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वीर तेजा सेवा संस्थान सिरोही के अध्यक्ष हनुमान चौधरी ने बताया कि लोक कलाकारों के द्वारा तेजाजी महाराज की शहादत पर भजनों के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां दी जाएगी।



### संभवनाथ भागवान का महाशांति धारा पंचामृत अभिषेक किया

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। बड़ाबाजार स्थित श्री संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर गुरुवार को पर्युषण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म दिवस पर मूलनायक भगवान संभावनाथ पर महाशांति धारा की गई। महावीर प्रसाद देवड़ाने बताया कि भगवान पर महाशांति धारा पंचामृत अभिषेक महावीर प्रसाद, सरोज देवी, सचिनकुमार, भागवंति, यश हपावत महेन्द्र जैन, किरण जैन, नयन जैन, ग्रेसी मलावत कमल पंचोली, टीना पंचोली, प्रियांश, भव्या पंचोली ने किया। समाज के सेठ शांतिलाल विमल कुमार गदावत, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष भंवरलाल गदावत एवं समाज के वरिष्ठ कनकमल मुंडलिया, महावीर प्रसाद देवड़ा, पूर्व पार्षद झमकलाल, टेकचंद मुंडलिया, नरेंद्र कुमार बोहरा, राकेश पंचोली, नितिन कुमार कोठारी, अभिषेक देवड़ा सहित कई श्रावक-श्राविकाएं मोजूद रहे।

### भूपालपुरा स्थित पंडाल में सज रही है कृष्ण स्वरूप गणेश प्रतिमा

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। उदयपुर शहर में गणेश उत्सव की धूम जारी है। शहर के अनेक गणेश मंदिरों में भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। यहां भूपालपुरा एल रोड स्थित श्री गणाध्यक्षाय ग्रुप की ओर से आयोजित गणेश उत्सव कार्यक्रम में भव्य पंडाल सजाया गया है। ग्रुप के आयोजन कर्ता साहिल कुकरेजा ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष प्रथम पूजा के उपासक गणेश प्रतिमा की स्थापना धूमधाम के साथ की जाती है। इस वर्ष भी 10 फीट ऊंची गणेश की प्रतिमा भगवान श्री कृष्ण के स्वरूप में विराजमान कराई गई है। यहां नियमित गणेश जी की दोनों समय आरती और छप्पन भोग तथा महा आरती का आयोजन किया जाता है। इस भव्य कार्यक्रम में सैकड़ो श्रद्धालु दर्शन प्राप्त कर आशीर्वाद लेते हैं। कुकरेजा ने बताया कि यहां 22 वर्षों से लगातार गणेश उत्सव प्राण प्रतिष्ठा कर मनाया जा रहा है। गणेश जी की प्रतिमा का प्रतिदिन सुंदर आकर्षक श्रृंगार किया जाता है।

# नेजा नवमी के दिन बाबा के मंदिर पर चढ़ाई मन्नतों की नेजा, नेजा लेकर घूमे श्रद्धालु

## नेजा नवमी पर गाव के राणावत परिवार द्वारा जल व शरबत किया वितरण

■ संजीवनी टुडे



पिण्डवाड़ा।नगर के निकटवर्ती स्थित नया सानवाड़ा गांव में बाबा रामदेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की ओर से अपनी मन्नत पूरी होने पर गुरुवार को नेजा नवमी के दिन नेजे चढ़ाई गई। इससे पहले गांव भर में नेजों का जुलूस निकाला गया। इसके पीछे अनेक श्रद्धालुओं की आस्था भी जुड़ी हुई हैं।लोक देवता बाबा रामदेव की नेजा नवमी पर गांव में परम्परा अनुसार नेजा जुलूस के साथ बाबा रामदेव की पालकी निकाली गई। जब गांव के पूर्वी एवं पश्चिमी मेघवाल वास स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर से पालकी निकली तों ग्रामीण कतार बनाकर बैठ गए और पालकी उनके ऊपर से गुजरी। ग्रामीणों ने भगवान से आशीर्वाद लेकर परिवार में खुशहाली की कामना की। वहीं दूसरी ओर इस बार लोगों के मन्नतें पूरी होने पर नेजा लिए हुए युवा बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। साथ ही युवक युवतियां बैंडबाजों के साथ डीजे की धुन पर थिरकते हुए चल रहे थे। नया सानवाड़ा गांव में सुबह जुलूस निकाला गया जो गांव के विभिन्न गली- मोहल्लों से होकर गुजरा। बाबा रामदेव मंदिर परिसर में ध्वजा चढ़ाई गई। इसके बाद दिनभर मंदिर परिसर में भगवान के दर्शन करने के लिए लोगों की रेलमपेल चलती रही। रुणेचा धाम के बाद नया सानवाड़ा गाव का यह एक मात्र ऐसा मंदिर हैं जहां एक साथ इतनी नेजा चढ़ाई जाती हैं। मंदिर में श्रद्धालु अपनी मन्नत मांगते है और मन्नत पूरी होने के बाद नेजा चढ़ाई जाती हैं। लोक देवता बाबा रामदेव की नेजा नवमी पर गांव में परम्परा अनुसार नेजा जुलूस के साथ बाबा रामदेव की पालकी निकाली गई।जो गांव के पूर्वी एवं पश्चिमी मेघवाल वास स्थित बाबा रामदेव मंदिर से निकली। इस दौरान ग्रामीणों ने भगवान से आशीर्वाद लेकर परिवार में खुशहाली की कामना की। वहीं दूसरी ओर इस बार लोगों के मन्नतें पुरी होने पर नेजा लिए हुए कई युवा बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।नया सानवाड़ा गांव में सुबह जुलूस निकाला गया जो गांव के विभिन्न गली-मोहल्लों से होकर गुजरा। इसके बाद बाबा रामदेव मंदिर परिसर में ध्वजा चढ़ाई गई। इसके बाद दिनभर मंदिर परिसर में भगवान के दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।

### भामाशाह राणावत परिवार द्वारा जल व शर्बत वितरण

लोक देवता बाबा रामदेव के नेजा नम के पावन पर्व पर नया सानवाड़ा गाव के राणावत परिवार द्वारा नेजा नम शोभायात्रा में श्रद्धालुओं के लिए जल व शर्बत वितरण का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ वितरित कियाम जिसमे राणावत परिवार से चिंटू सिंह सिंह ,योगराज सिंह,स्वरूप सिंह, युवराज सिंह व रवीं माली उपस्थित रहे।

## सिंगर डॉ. समीर शर्मा सैम समेत कई कलाकार पेश करेंगे बॉलीवुड के सुपरहिट गीत



■ संजीवनी टुडे

जयपुर। यहां बिड़ला सभागार में हेल्दी स्माइल्स ग्रुप एवं यूनिक ड्रीम बिल्डर्स की ओर से 15 सितंबर, रविवार को शाम 6:00 बजे गोल्डन एरा के 11वें संस्करण में बॉलीवुड फिल्मों के सदाबहार गीतों की संध्या संजोई जाएगी। कार्यक्रम आयोजक डॉ. बलविंदर सिंह ठक्कर ने बताया कि इसमें शहर के सुप्रसिद्ध गायक डॉ.समीर शर्मा सैम के साथ शहर के कई कलाकार 1960 के दशक से नए जमाने के गीतों को गुलदस्ता अपनी पुरकशिश आवाज में प्रस्तुत करेंगे। डॉ.समीर शर्मा सैम के संजोजन में शहर के वरिष्ठ कलाकार केपी सक्सेना, गीतिका चतुर्वेदी, डॉ.जितेंद्र सिंह मक्कर, रुचि खंडेलवाल, ऋचा खोडा एवं नवोदित कलाकार निकिता बंसल कई सुरीले गीत पेश करेंगे। कार्यक्रम में मेडले एवं मैश अप प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र होंगी। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल, निदेशक आयकर (अन्वेषण) एवं संरक्षक प्रधान अवधेश कुमार समेत मशहूर वरिष्ठ गजल गायक अहमद हुसैन एवं उस्ताद मोहम्मद हुसैन मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क प्रवेश पत्रों से होगा।

# कुलदेवी संच्चियाय माता मन्दिर भादवा मेले के बेनर का हुआ विमोचन, भव्य मेला 16 को

■ संजीवनी टुडे




बाडमेर। स्थानीय माणक हॉस्पीटल के पास गुरूवार को कुलदेवी श्री संच्चियाय माता मन्दिर महाबार पीथल कुर्ज़ा में 16 सितम्बर के भादवा मेले के बेनर का विमोचन किया गया। मालू भाईपा समाज संस्थान के महामंत्री इजि. दिलीप जैन ने बताया कि गुरूवार को मालू जैन भाईपा समाज संस्थान द्वारा निर्मित मालू गौत्रीय कुलदेवी संच्चियाय माता मन्दिर महाबार पीथल कुर्ज़ा में होने वाले 16 सितम्बर को पैदल संघ व भादवा मेले का बेनर विमोचन माणक हॉस्पीटल के पास किया गया। जैन ने बताया कि मालू भाईपा समाज संस्थान की आज्ञा से सम्पूर्ण भादवा मेले के लाभार्थी मांगीलाल, जितेन्द्रकुमार, मनीषकुमार, कपिलकुमार बेटापोता आसुलाल गोपचन्दोणी मालू परिवार चैहटन हाल बाड़मेर-सूरत द्वारा 15 सितम्बर को रात्रि में स्थानीय कलाकारो द्वारा कुलदेवी मन्दिर में भक्ति की जायेगी। 16 सितम्बर सोमवार को भादवा सुदी त्रयोदसी को प्रातः 06.00 बजे बाड़मेर से श्री संच्चियाय माता मन्दिर पैदल यात्रा संघ का आयोजन होगा, जिसमें पैदल चलने वाली यात्री को प्रभावना का टोकन दिया जायेगा व दिन में महाप्रसादी व भव्य मेले का आयोजन होगा। मालू भाईपा समाज संस्थान के कोषाध्यक्ष पारसमल मालू कवास ने बताया कि भादवा मेले की तैयारियों को लेकर मन्दिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जायेगा। त्रयोदसी के दिन माता की प्रतिमा का विशेष श्रंगार किया जायेगा। त्रयोदसी को कुर्ज़ा आने जाने के लिए वाहनो की व्यवस्था आराधना भवन, जैन विधापीठ मन्दिर, महावीर सर्कल, माणक हॉस्पीटल के पास व लीलरिया धोरा से की गई है। वाहन व्यवस्था रतनलाल मालू को सौपी गयी है। बेनर विमोचन के दौरान मालू भाईपा समाज के महामंत्री इजि. दिलीप जैप, सहमंत्री रमेश बाछड़ाउ, प्रवक्ता कपिल मालू, ट्रस्टी जसवन्त मेहता, नेमीचन्द मालू, इन्द्रलाल मालू, डॉ. प्रदीप जैन सहित कई बन्धु उपस्थित थे।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन, बैडमिंटन में महात्मा गांधी कुश्तला की छात्राओं ने लहराया परचम



■ संजीवनी टुडे

सवाईमाधोपुर । 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बैडमिंटन के डबल्स 17 वर्ष एवं सिंगल 17 व 19 छात्रा वर्ग में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुश्तला की छात्राओ ने बाजी मारी। प्रधानाचार्य उदय सिंह मीना और खेलकूद प्रभारी ओम प्रकाश मीना ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर में चल रही 17 वर्ष बैडमिंटन प्रतियोगिता (छात्रा) में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कुश्तला की भारती मीना ओर पायल राठौड़ ने मानटाउन क्लब में खेल का शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल्स में जीत हासिल कर विजेता बनी। 17 वर्ष( छात्रा ) में मगाराव‍ि कुश्तला की टीम ने राधाकृष्णन पब्लिक स्कूल की टीम को हराकर विजेता बनी तो 19 वर्ष (छात्रा )में राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय मानटाउन से कड़े मुकाबले में मगाराव‍ि कुश्तला टीम उपविजेता रही । सिगंल बैडमिंटन वर्ग में 17 वर्ष में अनिता प्रजापत व 19 वर्ष में मनीषा सैनी विजेता बनी प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय साहूनगर में हुआ। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों को को पारितोषिक देकर पुरस्कृत किया । समापन कार्यक्रम के दौरान आयोजन से जुड़े कार्मिको सहित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के प्रधानाचार्य,उप प्रधानाचार्य मनुदेव सिंहल , वरिष्ठ सहायक आशीष यादव, व्याख्याता सुरेश चन्द माली, वरिष्ठ अध्यापिका कुसुमलता खिंची, वरिष्ठ अध्यापक निर्मल जैन, शिक्षिका लेखनी शर्मा, शिक्षक राकेश मीना उपस्थित थे।

# अलवर में पहली बार एक मंच पर होंगे 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट



■ संजीवनी टुडे

अलवर। अलवर एसोसिएशन ऑफ फिजियोथैरेपिस्टस एवं लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान में अलवर में पहली बार देश के 500 से अधिक फिजियोथैरेपिस्ट एक मंच पर नेशनल अलवर फिजियोकोन 2024 के माध्यम से जुड़ेंगे। यह जानकारी एक निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सचिन अग्रवाल ने बताया कि आगामी 14 सितंबर को लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी चिकानी,अलवर एवं 15 सितंबर को ईएसआई मेडिकल कॉलेज सभागार में नेशनल फिजियोकोन 2024 का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश से इस फिजियोकोन में सम्मिलित होने वाले फिजियोथैरेपिस्ट वर्तमान में फिजियो की आवश्यकता और भविष्य में आवश्यकता पड़ने वाली भौतिक चिकित्सकीय सेवाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न शोध पत्र भी पढ़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को फिजियोथैरेपी की वैज्ञानिक पद्धतियों के बारे में तथा 15 सितंबर को फिजियोकोन 2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।

एसोसिएशन के संरक्षक डॉ सतीश शर्मा ने बताया कि फिजियोकोन 2024 सेहत साथी फाउंडेशन,राजस्थान फिजियोथैरेपी क्लिनिशियन एसोसिएशन ( टघ्एइ ) एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजन किया जाएगा। संगठन के सचिव डॉ संदीप सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, अति विशिष्ट अतिथि शहर विधायक एवं राज्य मंत्री संजय शर्मा,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री डॉ सुभाष गर्ग तथा विशिष्ट अतिथि आरयूएचएस डीन फिजियोथैरेपी विभाग डॉ सुनीता शर्मा,इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ एस सी मित्तल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील चौहान एवम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेंद्र शर्मा होंगे। प्रेस वार्ता में डॉ सचिन अग्रवाल, डॉ सतीश शर्मा, डॉ संदीप सैनी,डॉ अनुराधा गोयल, डॉ हरबंश माथुर,डॉ पीयूष शर्मा, डॉ राहुल बावलिया उपस्थित रहे।

# उप निदेशक को किया एपीओ, रेट ने लगाई एपीओ आदेश पर रोक

■ संजीवनी टुडे



नीमकाथाना। पशुपालन विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत डॉ रणजीत मेहरानिया को एपीओ किए जाने के मामलें में राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण(रेट) ने अपील की सुनवाई कर एपीओ एवं कार्यमुक्त करने के आदेश पर रोक लगा दी है तथा पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव, उप शासन सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। डॉ रणजीत मेहरानिया के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी नीमकाथाना में उप निदेशक पशुपालन विभाग के पद पर कार्यरत है। विभाग उप शासन सचिव ने 6 सितंबर को आदेश जारी कर प्रार्थी को एपीओ कर दिया गया है तथा एपीओ आदेश की पालना में उसे निदेशालय जयपुर के लिए कार्यमुक्त कर दिया है। अधिवक्ता कलवानिया ने दलील दी कि विभाग ने प्रार्थी को नियम विरुद्ध एपीओ किया है लिहाजा एपीओ आदेश को अपास्त किया जावें। इस पर अधिकरण के सदस्य शुचि शर्मा एवं लेखराज तोसावड़ा की बेंच ने एपीओ आदेश एवं कार्यमुक्त करने के आदेश पर रोक लगाकर प्रार्थी को राहत दी है। अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के ट्रांसफर एवं एपीओ करने के पर एक परिपत्र जारी कर प्रतिबंध लगा रखा है। अगर आवश्यकता हो तो परिपत्र के अनुसार दिए गए दिशा निर्देशों की पालना में मुख्यमंत्री से अनुमति लेकर ही ट्रांसफर एवं एपीओ किया जा सकता है लेकिन इस प्रकरण में विभाग ने ऐसी कोई प्रक्रिया नही अपनाई है। इसलिए प्रार्थी को प्रतिबंध की अवधि में एपीओ किया गया है। राजस्थान सेवा नियम 1951 के नियम 25 ए में कार्मिक को एपीओ करने के लिए सात शर्त निर्धारित की गई है। उन्हीं के तहत कार्मिक को एपीओ किया जा सकता है। लेकिन प्रार्थी उनकी अवहेलना में एपीओ किया गया। इसलिए एपीओ आदेश नियम विरुद्ध है।

# दशको बाद रेहडियां बांध की चादर चली, ग्रामीणों में ख़ुशी,बांध की पूजा अर्चना के बाद मिठाई वितरित की

■ संजीवनी टुडे



बसवा। उपखंड क्षेत्र बांदीकुई एवं बसवा क्षेत्र का सर्वाधिक वर्षा जल भराव क्षमता का रेहडियां बांध की गुरुवार को अलसुबह चादर चलने लग गई । बांध में जलस्तर भराव 15 फीट पानी के उपरांत चादर चलने लग जाती है । सिंचाई विभाग बांदीकुई के अनुसार बांध में इससे पहले सन् 2014 में सर्वाधिक जलस्तर बांध में गेज दर्ज हुआ था ।लेकिन पानी की चादर नहीं चली थीं । मुकेश टोड़ा जयसिंहपुर व क्षेत्र वासियों बताया कि लंबे वर्षों के इंतजार बाद के बांध के ओवर फ्लो की खुशी में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणो व युवा ने कैंडिल जलाकर बांध के जल की पूजा अर्चना और मिठाई लड्डू बांटकर पानी के महत्व पर संदेह जाहिर किया । रहडियां बांध से बांदीकुई गुड़ा कटला ,बसवा ,बैजूपाडा व अलवर जिला के टहला तहसील के दर्जनों गांवों को पेयजलापूर्ति व भू जल स्त्रोत संसाधन सिंचाई को लेकर निर्भर क्षेत्रीय किसानों ग्रामीणों में ख़ुशी की लहर है । रेहडियां बांध का अलवर दोसा जिला सीमा में 2 किलोमीटर तक का फैलाव है, बांध में समय से पूर्व किसानों ने फसल भी बुआई भी थी जो पानी के जलस्तर में डूब चुकी है। बांध में पानी आवक का मुख्य स्त्रोत मानसरोवर बांध टहला की मानसी नदी का लगातार बहाव से पिछले दो हफ्तों में 9 फिट पानी की आवक दर्ज हुई है। क्षेत्र के बीघोता, पाराशर ,भोराज दरीबा पहाड़ियों में झरने लगे चुके हैं जिनका निरंतर बहाव जारी है। ज्ञातव्य है कि रेहडियां बांध की चादर चलने पर बांध से नदी अपवाह स्त्रोत सावा नदी लंबी दूरी बाद बाणगंगा यमुना नदी का स्त्रोत बन जाती है। ग्रामीणो ने बांध के रखरखाव व जल संरक्षण के नवीन आयामों को लेकर सरकार से पूर्व समय से मांग की जा चुकी है।

## श्री भर्तृहरी बाबा का भंडारे का समापन



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़। उपखंड के डाबला मीणा गांव में 25 वें पांच दिवसीय भंडारे का समापन 11 सितंबर को हुआ ।गणधारी राम डाबला थानेदार ने बताया कि भरतरी बाबा की कृपा से लगातार हम लोग 25 साल से भंडारा का आयोजन करते आ रहे हैं 5 दिन तक भंडारे का प्रसाद वितरण एवं बिठाकर प्रसाद दिया जाता है और भंडारे के अंतिम दिन प्रसादी वितरण बड़ी तादाद में किया जाता है ।जिसमें सैकड़ो भक्तजन प्रसाद ग्रहण करते हैं एवं भंडारे में शीतल जल भी पिलाया जाता है भंडारे के अंतिम दिन अमरचंद फौजी, मिठुन लाल खौडा चंद्पुरा, हजारी मास्टर अंनावडा , सीमा ,सरोज सरपंच पाटन, फूलचंद ग्राम जामडोली, सतीश ग्राम हिनौटी, जयराम मीणा माताशुला टोडाभीम, रामचरण मालवली, गोकुल राम मालवली, चेतराम अनावडा हंसराज कादौली, शंकर,रामकेश ,धन्नालाल, प्रभात, हीरालाल ,सोहनलाल, सुवालाल, राम रतन मीणा एवं ग्राम वासी सहित अनेक भक्ता ने प्रसाद ग्रहण किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाया दम



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के द्वारा विधिक सेवा दिवस 2024 के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की ब्लॉक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डाबला मीना में हुआ। कार्यक्रम संयोजक अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कमल कुमार मीणा ने बताया कि क्रीडा प्रतियोगिता में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए लंबी कूद, बैडमिंटन, शॉट पुट शतरंज, कैरम, चित्रकला व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पेंटिंग व चित्रकला में पवन कुमार मीना प्रथम तथा गौरव बैरवा द्वितीय स्थान पर रहे। शतरंज प्रतियोगिता में हेमंत कुमार यादव प्रथम, नैतिक बैरवा द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर बगेश यादव रहे। बैडमिंटन में पुनीत मीना प्रथम तथा आशीष वैष्णव द्वितीय स्थान पर रहे। शॉट पुट में आशीष वैष्णव प्रथम स्थान पर रहे। लम्बी कूद में पुनीत मीना प्रथम तथा आशीष वैष्णव द्वितीय स्थान पर रहे। इस दौरान संदर्भ व्यक्ति पिंटू शर्मा, लखन लाल गुर्जर, चुन्नी लाल मीना, मनोज गौतम, बीना सैनी, शिवदयाल सैनी सहित अनेक संदर्भ शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।


## स्काउट गाइड के सीओ ने निष्क्रिय ग्रुपों का निरीक्षण कर सक्रिय करने के दिए निर्देश



■ संजीवनी टुडे

राजगढ़(अलवर)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय अलवर के सीओ गाइड कल्पना शर्मा एवं एएलटी दिनेश चंद्र द्वारा गुरुवार को राजगढ़ व रैणी में स्थानीय स्काउट गाइड संघ का दौरा कर निष्क्रिय ग्रुप को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। राजगढ़ स्थानीय स्काउट गाइड संघ के सचिव रामप्रताप शर्मा ने बताया कि स्काउट गाइड के निष्क्रिय ग्रुप राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी, माचाड़ी, रैणी तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़, माचाड़ी एवं रैणी सहित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 3 राजगढ़, आंधवाड़ी एवं नयागांव माचाड़ी का दौरा कर इन ग्रुपों को सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं संघ के पदाधिकारियों द्वारा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रैणी एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थाना राजाजी में पौधारोपण किया गया। इस दौरान रैणी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला कमिश्नर स्काउट राजेंद्र कुमार मीना का स्कार्फ पहनाकर अभिनंदन किया गया। वहीं राज्य मुख्यालय की नीति अनुसार दिनेश चंद्र शर्मा एवं बनवारी लाल बलाई से मुलाकात कर रैणी ब्लॉक में स्थानीय संघ मुख्यालय खोलने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

## 8 वी पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन



■ संजीवनी टुडे

धनाऊ। । 8 वी पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन राउमावि अदरीम में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मुख्यतः कबड्डी व लंबी रेस में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के हौसला अफजाई के लिए पीईईओ देवराज बालाच भी बच्चों के बीच पधारें। कबड्डी में राउमावि रबासर प्रथम स्थान पर वही बीजे की ढाणी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया लंबी रेस में प्रथम स्थान जाटा बस्ती दूसरे स्थान पर भीलावास रही। सभी बच्चों ने अपना बहुत शानदार प्रदर्शन दिखाया। खेलकूद को संपन्न करवाने में निर्णायक के रूप में हिंदु सिंह व ईशुब ने अपनी भूमिका निभाई राउमावि अदरीम का तला कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीपक कुमार, हंसराज एवं अन्य स्टाफ ने आने वाली सभी टीमों व दल प्रभारियों के लिए बेहतरीन व्यवस्था कर कार्यक्रम को सफल बनाया । प्रतियोगिता समापन पर सभी खिलाडियों को प्रशस्ति पत्र देकर स्मानित किया गया तथा दल प्रभारियों को कार्यकम सफल बनाने के लिए समान में हैंड बैग वितरित किए गए। अंत में सभी विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भामाशाह डूंगराराम जोगेश एवं विद्यालय परिवार की ओर से की गई।

## खबरें फटाफट

### जिला परिषद सीईओ श्री हनुमान सिंह राठौड़ ने पदभार ग्रहण किया



संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। संयुक्त शासन सचिव कार्मिक (क-4) विभाग राजस्थान जयपुर की अनुपालना में नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री हनुमान सिंह राठौड़ गुरूवार को मध्यान्ह् पश्चात पदभार कर लिया हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिला परिषद कार्यालय कार्यालय का अवलोकन किया और सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके बाद उन्होंने जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह से भेंट की। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाडिया, निजी सहायक महेश पंवार सहित सभी जिला परिषद के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सलुम्बर मुख्य डाकघर में आधार पंजीकरण एवं अद्यतिकरण हेतु विशेष काउंटर की व्यवस्था

संजीवनी टुडे

सलूंबर। सलुम्बर जिले के समस्त नागरिको को आधार सम्बंधित सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु डाक विभाग द्वारा सलुम्बर मुख्य डाकघर में विशेष काउंटर प्रारंभ किया गया है क्र जिसमे प्रत्येक वर्ग के लोगो को आधार पंजीकरण एवं अपडेशन की सुविधा प्रदान की जा रही है क्र निरीक्षक डाक सलुम्बर ने बताया कि, आमजन के मध्य आधार सम्बंधित समस्याओं को देखते हुए एवं समस्त नागरिकों को आधार सुविधा प्रदान करवाने हेतु मुख्य डाकघर सलुम्बर में विशेष काउंटर प्रारंभ किया गया है क्रजिसमे नया आधार बनाना निः शुल्क है एवं निर्धारित शुल्क के साथ अपडेशन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।


### साइक्लिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता



संजीवनी टुडे

उदयपुर। आर्ची चौबीसा ने जीता साइक्लिंग में गोल्ड मैडल-भीण्डर स्थानीय विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय की छात्रा आर्ची चौबीसा ने साइक्लिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।। उदयपुर के द स्टडी स्कूल बड़ी के तत्वावधान में खेल गाँव उदयपुर में आयोजित हुई 68 वी जिला स्तरीय साईकल प्रतियोगिता में अंडर 17 गर्ल्स में आर्ची चौबीसा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल जीता,ज्ञातव्य है कि इसी विद्यालय के छात्र नकुल पंड्या ने अंडर 19 में शानदार प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल जीता,अब ये दोनों छात्र छात्रा साइक्लिंग प्रतियोगिता में उदयपुर जिले का राजस्थान स्तर पर प्रतिनिधित्व करेंगे,इस अवसर पर विद्यानिकेतन के प्राचार्य इंद्र लाल चौबीसा,अर्जुन सिंह,कला आमेटा,विद्या टीलावत,ललित चौबीसा, राजेश पंड्या,निर्मला चौबीसा और समस्त स्टाफ ने बधाई दी।

### भीडर में ईद मिलाद आयोजन की तैयारी जोरो पर, 16 को निकाला जाएगा जुलूस



संजीवनी टुडे

भीडर। कस्बे में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला ईद मिलादुन्नबी के आयोजन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। नौजवान कमेटी भीण्डर की तरफ से नगर एवं मस्जिदो मे ,मोहल्ले में आर्कषक सजावट लाइट डेकोरेशन कर रखा है । मुस्लिम समाज ने बताया कि 16 सितंबर 2024 को शाम को हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर महफिले मिलाद का आयोजन किया जाएगा । 16 सितंबर को सुबह 10:00 बजे जुलूसे ए मोहम्मदी निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि यह पर्व हर्ष और उल्लास का होता है। इस दिन धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जगह-जगह होगा और मिठाई बांटी जाएगी। रवि उल अव्वल की 12वीं तारीख को मोहम्मद साहब का जन्म दिवस मनाया जाता है। जो मुस्लिम समुदाय के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है। यह इस्लामी कैलेंडर का सबसे महत्वपूर्ण महीना होता है। इसी माह में पैगम्बर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। भारत में रवि उल अव्वल का चांद 4 सितंबर को नजर आ चुका है। इसलिए ईद मिलादुन्नबी 16 सितंबर को मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर भिंडर मुस्लिम समुदाय में हर्ष उल्लास का माहौल है।

# बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: प्रभारी मंत्री

संजीवनी टुडे

### प्रभारी मंत्री हेमन्त मीणा ने ली अधिकारियों की बैठक

सलूंबर। जिला प्रभारी मंत्री हेमंत मीणा ने गुरूवार को पंचायत समिति सलूंबर सभागार में आयोजित बैठक में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ आमजन को हर क्षेत्र में लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों से उन्होंने कहा कि सलूंबर जिले में आमजन से जुड़े किसी भी कार्य एवं परिवेदनाओं के निस्तारण में देरी ना करें। उन्होंने कहा कि आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में अधिकाधिक पात्र लोगों को प्राथमिकता से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं और बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक अधिकारी इसकी गंभीरता समझते हुए पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करें। प्रत्येक घोषणा का समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करते हुए शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला स्तर पर इन घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो। आवश्यकता के अनुसार उच्च स्तर पर भी समन्वय रखा जाए। प्रभारी मंत्री जिले से संबंधित घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि आवंटन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन को नियमित



फॉलो किया जाए। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन के कार्य के पश्चात बजट घोषणाओं के कार्यों को शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में वर्षा के कारण हुई क्षति की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार कर राज्य स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित कराने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विस्तार से सभी कार्यों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनिकट, नहरों एवं अन्य राजकीय सम्पत्तियों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भिजवाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि गत दिनों हुई बरसात का तहसीलवार आंकड़ा उपलब्ध करवाया जाए। साथ ही बरसात के कारण सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, कैनाल और घरों आदि को हुए नुकसान की रिपोर्ट दी जाए। साथ ही गिरदावरी रिपोर्ट भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए, जिससे नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने जिले में उद्घाटन और लोकार्पण योग्य कार्यों की जानकारी ली और उन्होंने 17 सितंबर को होने वाले रोजगार उत्सव की तैयारी के बारे में जाना और कहा कि इसका आयोजन वृहद स्तर पर किया जाए। उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि बजट घोषणाओं की विशेष मॉनिटरिंग की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को इनका अधिक से अधिक लाभ मिले। उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े कार्यों के बारे में जाना। इस दौरान जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रभारी मंत्री को सम्पूर्ण जिले की जानकारी देते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की क्रियानविती से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत, जलदाय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रभारी मंत्री को बजट घोषणा के तहत भूमि आवंटन, मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों, जिले में हुई वर्षा एवं बांधों के जलभराव की स्थिति एवं मानसून के दौरान क्षति की सूचनाओं आदि की जानकारी दी। बैठक में जिला कलक्टर ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करते हुए शीघ्र सभी कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। इस दौरान संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, पुलिस अधीक्षक राजेश यादव, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, आस्था रानी बामणिया,जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पाटीदार, आयुक्त गणपत लाल खटीक, सीएमएचओ डॉ जेपी बुनकर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्पक मीणा, जिला समाज कल्याण अधिकारी हेमन्त खटीक, डीओआईटी जीवन राम मीणा, एलडीएम प्रवीण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गणेशजी छप्पन भोग लगाया और राधाष्टमी पर्व हषोल्लास पुर्वक मनाया

### सार्वजनिक गणेश महोत्सव की सभी जगह हो रही है सराहना

संजीवनी टुडे

पिण्डवाडा। धार्मिक नगरी पिंण्डवाड़ा के आमली रोड श्रीशनिदेव मंदिर के पास गजानन युवा संगठन के तत्वाधान में आयोजित 24 वां सार्वजनिक गणपति महोत्सव के पंचम दिवस को राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में विशाल महाआरती कार्यक्रम एवं श्री राधा रानी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आमली रोड शनिदेव मंदिर के पास गजानन युवा संगठन द्वारा आयोजित सार्वजनिक गणपति महोत्सव के दरमियान रोजाना वैदिक अनुष्ठान में दिनों दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, बुधवार को राधा अष्टमी के शुभ जन्मोत्सव पर श्री राधे कृष्ण के जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष सुरेन्द्र मेवाडा, स्वर्णकार ब्राहा्रण मंडल के सुरेश सोनी, ग्रीन हॉम संस्था के निर्देशक खेमचन्द टांक व भवर लाल एस प्रजापति सहित सैकड़ों गणमान्य श्रद्धालुओं की मौजूदगी में महाआरती कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री राधे कृष्णजी के जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान राधे राधे भक्ति धुन के बीच छोटी बाल कन्याओ से केक कटवाया गया। भगवान



गणेशजी को छप्पन भोग प्रसादी का भी भोग लगाया गया तत्पश्चात सभी भक्तों श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।

गजानन युवा संगठन द्वारा आयोजित इस धार्मिक महाआरती अनुष्ठान में गली मोहल्लो के श्रद्धालु अपने घरों से ही आरती के थाल सजाकर बाबा के आरती कार्यक्रम में शरीक होते है, तथा रोजाना सैकड़ों घी के दीपक की महाआरती की जाती है। वही श्रद्धालुओ द्वारा रोजाना तरह तरह के व्यंजनों का भोग लगा भक्तों में प्रसादी वितरण की जाती है। बाबा की आरती कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह का माहौल बना हुआ है वही विसर्जन के पूर्व संध्या को नगर के सैकड़ों बाल गोपाल एवं बड़ों के लिए महाप्रसादी का आयोजन भी हर वर्ष की भांति इस बार भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा संगठन के कई कार्यकर्ताओं जुटे हुए है। इनकी रही मौजुदगी- इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक भरत गर्ग, रतन एस प्रजापत, दिव्यांश गर्ग, हार्दिक पुरोहित, अशोक प्रजापत, नारायण लाल गर्ग, प्रेमसिंह सोलकी, रमेश लौहार, भावेश कुमार, जितू प्रजापत, दीपिका, कृष्णा गर्ग, नयना, रौशनी, शीतल, इंदिरा देवी, पुष्पांक गर्ग, पीनल गर्ग, भुपेन्द्र सिंह, पवनीदेवी मीणा, आशादेवी सहित सैकडो श्रृदालुओं की मौजुदगी रही।

## नेशनल क्वालिटी टीम ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र नयाखेड़ा का निरीक्षण

संजीवनी टुडे

उदयपुर। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत जिले के गिर्वा ब्लॉक के सीएचसी नाई के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र नयाखेड़ा का राष्ट्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि राज्य स्तर से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम में प्रमाणित होने पर राज्य सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर नयाखेड़ा को भारत सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण हेतु आवेदन किया था जिससे भारत सरकार द्वारा डॉ सुरेन्द्र गुप्ता और डॉ निशू धवन निरीक्षण करने के लिए उदयपुर आये। दिनांक 12 सितंबर 2024 को टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र नयाखेड़ा के सभी विभागों के मापदण्डो पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रागिनी अग्रवाल ने ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई, बायोवेस्ट मैनेजमेंट, निशुल्क जांच, निशुल्क दवा वितरण, उपकरणों की उपलब्धता ,मानव संसाधन आदि मानकों पर निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाई के चिकित्सा प्रभारी डॉ मीठ्ठालाल ने संस्थान पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। उप स्वास्थ्य केन्द्र नयाखेड़ा के सीएचओ शबनम डायर और एएनएम पुष्पा जैन ने सभी मापदण्डो को बारीकी और विस्तार से रिकार्ड सहित बताया। सभी पूछे गये सवालों का सही-सही जवाब पूरे विश्वास से दिये। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी गिर्वा डॉ निधी यादव,जिला क्वालिटी सेल से डॉ राकेश गुप्ता, डॉ शुभम गोयल, डॉ पीयूष व्यास, गणेश प्रकाश चौधरी, सुनील शर्मा एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ,नर्सिंग आफिसर , एएनएम और आशा सहयोगिनी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणीकरण होने पर संस्थान को प्रमाण पत्र के साथ पारितोषिक के रुप में 126000/- रुपये प्रति वर्ष तीन वर्ष तक मिलेंगे।जिसका उपयोग स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं पर खर्च किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि राष्ट्रीय फ्लोरोसिस नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत आज वल्लभनगर क्षेत्र के गांव महाराज की खेडी के महात्मा गांधी विद्यालय के कक्षा 1 से 5 तक के 32 बच्चे, यूपीएस रतनपुर की सराय के कक्षा 1 से 8 तक के 72 बच्चों के दांत की जांच की गयी जिसमें 5 बच्चों में फ्लोरोसिस पाया गया जिनको उच्च संस्थान पर उपचार हेतु भेजा गया।यूपीएस आवरी माता की घाटी, करणपुर विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के 81 बच्चों में 8 फ्लोरोसिस से प्रभावित मिले। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करणपुर,पुरीया खेडी,डांगियो की भागल,बालाथल और बांसलिया के 125 बच्चों की जांच की गयी जिसमें 14 बच्चों की फ्लोरोसिस प्रभावित पाया गया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ अंकित जैन ने बताया कि बच्चों को इससे बचाव व उपचार के बारे में बताया गया । बच्चों को तंबाकू , गुटखा आदि खाने से मुख और दांत में होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया एवं भविष्य में तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## सांवलियाजी में तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले में वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था

संजीवनी टुडे

### कस्बा मंडफिया मे वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा

चित्तौड़गढ़। मंडफिया कस्बे में आयोजित तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के काफी संख्या में आने की संभावना एवं पदयात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। कस्बा मंडफिया मे वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा । वाहनों के पार्किंग की प्रशासन एवं पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है । वाहनों की पार्किंग के लिए कस्बे में विशेष स्थान चिन्हित किये गए है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि कस्बा मंडफिया जिला चित्तौड़गढ़ में विख्यात कृष्ण मंदिर सांवलिया सेठ का दिनांक 13 सितम्बर 2024 से 15 सितम्बर 2024 तक तीन दिवसीय जलझूलनी एकादशी मेले का आयोजन होगा। मेले में आने वाले यात्रियों/दर्शनार्थियों के आगमन पर यातायात व्यवस्था पुलिस थाना मंडपिया द्वारा इस प्रकार से की गई ह। चित्तौड़गढ़ उदयपुर की तरफ से भादसोड़ा चौराहा होकर आने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग कस्बा मंडपिया से एक किलोमीटर पहले पार्किंग नाका स्थापित किया गया है जहां पर वाहन पार्किंग करके पैदल अथवा टेंपो द्वारा दर्शन हेतु पधार सकते हैं। तथा उपरोक्त रोड से आने वाले राहगीरों को भदेसर, निकुंभ जाना हो तो कुरेठा नाका पेट्रोल पंप के पास से होकर रिंग रोड होकर जाने हेतु डायवरजन किया गया है एवं कस्बा मंगलवाड की तरफ जाने हेतु देवनारायण होटल/ अग्रवाल रिजॉर्ट के पास से होकर घोड़ा खेड़ा होकर जा सकते हैं एवं चिकारडा जाना हो तो गिदा खेड़ा रिंग रोड बाईपास होकर जा सकते हैं। उदयपुर की तरफ से आने वाले यात्री जो रातीमंगरी(मंगलवाड़) पुलिया के यहां से होकर घोड़ा खेड़ा होकर कस्बा मंडपिया में दर्शन हेतु पधारने वाले यात्रियों के वाहनों की पार्किंग भादसोड़ा बाईपास पार्किंग नाका पर रखी गई है। उदयपुर, मंगलवाड तथा मध्य प्रदेश, निम्बाहेड़ा, निकुंभ से होकर वाया चिकारड़ा होकर आने वाले यात्रियों दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग के लिए गोकुल विश्रांति पार्किंग नाका स्थापित किया गया है एवं भादसोड़ा जाने वाले यात्रियों राहगीरों के लिए गोकुल विश्रांति गृह/ पूजा पैलेस के सामने से होकर गीदाखेड़ा रिंग रोड होकर अग्रवाल रिसोर्ट के पास से होकर भादसोड़ा चोराया की तरफ प्रस्थान कर सकेंगे। चित्तौड़गढ़ वाया नरबदिया, कुरेठा तथा भदेसर, पोटला कलां, धनेत होकर कस्बा मंडपिया में पधारने वाले दर्शनार्थियों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कुरेठा पार्किंग ( पेट्रोल पंप के पास) नाका पर की गई है जहां से पैदल एवं टेंपो द्वारा दर्शन हेतु पधार सकते हैं। संपूर्ण कस्बा मंडपिया में चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा ।

# अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की गिरदावरी का कार्य समय पर पूर्ण करें : हीरालाल नागर

संजीवनी टुडे

टोंक। ऊर्जा मंत्री एवं टोंक जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने निर्देश दिए है कि अतिवृष्टि से हुए फसलों के नुकसान की गिरदावरी का कार्य जिम्मेदारी और समय पर पूर्ण करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जाएं। जिला प्रभारी मंत्री ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति, जिले में अतिवृष्टि से हुए सरकारी परिसम्पतियों के नुकसान की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की भावना के अनुरूप बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए सभी अधिकारी त्वरित कार्रवाई करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि बजट घोषणाएं जल्द लागू हो, इसलिए जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए गंभीरता दिखाएं। प्रभारी मंत्री ने जिले से संबंधित सभी घोषणाओं की विभागवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घोषणा के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग की जाएं। उन्होंने नहरी तंत्र सुदृढ़ीकरण से जुड़े



कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली। बजट घोषणाओं के तहत वांछित भूमि आवंटन के प्रकरणो की समीक्षा की। उन्होंने राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के नुकसान की तात्कालिक मरम्मत प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए कहा कि रिपेयर का कार्य शीघ्र किया जाएं। उन्होंने आगामी 17 सितंबर को आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि फसलों के खराबे की जानकारी के लिए गिरदावरी रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि किसानों को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। खराब हुई फसलों की गिरदावरी का कार्य अतिशीघ्र किया जाए। पटवारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों को फसल गिरदावरी की सूचना दें। फसल खराबे की गिरदावरी से जुड़े सभी अधिकारी व कार्मिक पूरी जिम्मेदारी से कार्य करते यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र किसान मुआवजे से वंचित नहीं रहे। इसके अलावा फसल खराबे के संबंध में किसानों को मिलने वाले मुआवजे के संबंध में जरूरी जानकारी दी जाए। इस दौरान उन्होंने जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा से जिले में अनुमानित फसल खराबे को लेकर फीडबैक भी लिया। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभागवार प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जिला स्तर पर बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

### सड़कों का रिपेयर कार्य शुरू करें

नागर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि मानसून में बारिश के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत का काम शुरू किया जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जिन स्थानों पर सड़के ज्यादा खराब है और आवाजाही प्रभावित है, उनका प्राथमिकता से पेच वर्क करवाकर आवाजाही की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश चौधरी, जिला वन मंडल अधिकारी मरिय शाइन ए, सीईओ परशुराम धानका समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आयोग किसानों और सरकार के बीच की कड़ी : सी आर चौधरी

संजीवनी टुडे

### किसान आयोग ने किया कृषकों से संवाद

सलूंबर। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी ने कहा कि किसान आयोग किसानों और सरकार के बीच की कड़ी है। कृषक संवादों के माध्यम से जो समस्याएं सामने आ रही है, आयोग उन्हें सरकार के समक्ष रखकर उनका समाधान कराने के लिए प्रयासरत है और राज्य सरकार किसानों के सर्वांगीण उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों की खाद, बीज, सिंचाई, अनुदान, बिजली सहित समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति संकल्पबद्धता के साथ की जा रही है। चौधरी ने गुरूवार को सलूंबर पंचायत समिति परिसर स्थित सभागार में कृषक संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा किसानों के प्रति पूर्णतया संवेदनशील हैं। उनका मानना है कि किसान खुशहाल तो देश खुशहाल। किसान का खेत हरा होगा तो सभी का पेट भरा होगा और खेत सुखा होगा तो हर कोई भूखा होगा। इसलिए सरकार लगातार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाकर क्रियानवित कर रही है। किसानों की हर छोटी से छोटी समस्या को भी गंभीरता से लिया जाता है और उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा बताई जा रही समस्याओं के निराकरण के लिए आयोग पूर्णतः सजगता से कार्य कर रहा है। किसान आयोग सरकार एवं किसानों के बीच की कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है। आयोग किसान हितेषी के सुझावों से राज्य सरकार को अवगत कराएगा। आयोग का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के किसानों को उद्यमी बनाकर उनकी आय वृद्धि कर उनके जीवन को खुशहाल बनाना है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की महत्ता समझकर किसान भाईयों ने यहां आकर मुखरता के साथ अपने सुझाव रखें तथा यहां की भौगोलिकता के अनुसार समस्याओं को बताया है, एक-एक विचार को अंकित किया गया है तथा सक्षम स्तर तक पहुंचाकर समधान का पूरा प्रयास किया जाएगा।

कृषक संवाद कार्यक्रम में किसानों ने राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर



चौधरी के समक्ष अपने सुझाव, आवश्यकताएं एवं मांगों को प्रस्तुत किया। किसानो ने कहा कि जैविक प्रमाणिकरण जिला स्तर पर होना चाहिए और कहा कि मंडियों का विस्तार एवं सुदृढीकरण किया जाना चाहिए और जैविक कृषि के तहत अनुदान दिया जाना चाहिए। किसान को फसल बीमा क्लेम का भुगतान समय पर किया जाना चाहिए। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए बड़े डेयरी प्लांट को लगाया जाए, बागवानी को बढ़ावा देने के लिए आम की फसल बीमा को जनवरी से जून तक किया जाए, फसल खराबा में जो वंचित रहे उन्हें मुआवजा त्वरित दिलाया जाए, फसल बीमा का पूरा लाभ दिलवाया जाए, सहकारी समिति पर समय पर खाद उपलब्ध करवाया जाए, गोबर संयंत्र की स्थापना हो, नवीन बीज एवं फलदार पौधे उपलब्ध करवाए जाएं, बीमा ऐच्छिक किया जाए, कुओं का गहरीकरण किया जाए, बकरी एवं भैंसों का भी बीमा किया जाए। इसी प्रकार कई किसानों ने कृषि नवाचार, सुधार, बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के संबंध में संवाद किया। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने आयोग अध्यक्ष सहित सदस्यगणों का स्वागत करते हुए कहा कि कृषक संवाद जैसे आयोग शासन और किसानों के मध्य सेतु का कार्य करेगा तथा किसानों की बात सरकार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने संवाद के दौरान सामने आई विभिन्न समस्याओं पर बिन्दूवार चर्चा करते हुए कहा कि कृषक भूमि का ट्रस्टी है उसे जमीन पूर्वजों से उपजाउ हालत में मिली है। इसलिए उसकी नैतिक जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढी को वह भूमि को उसी प्रकार उपजाउ स्थिति में सौंपे। इसके लिए जरूरी है कि रसायनों और कीटनाशकों का इस्तेमाल क्रमिक रूप से कम करते हुए जैविक खेती की ओर कदम बढाए जाएं। उन्होंने कम पानी की आवश्यकता वाली खेती पर भी फोकस करते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों को ड्रीप संयंत्र, वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को बढावा देने की बात कही। कृषक संवाद कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित कृषकों को जनकल्याणकारी किसान योजना पुस्तिका के साथ ही सुझाव पत्रक विपरीत किए गए हैं जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों के बारें में अंकित किया है।

कार्यक्रम के दौरान किसानो को एग्रीकल्चर नेपसेक स्प्रेयर कीट का किया वितरण और साथ ही चैक और फार्म पोंड, केटल शेड, पाइप लाइन, तारबंदी की स्वीकृतिया जारी की गई और फसली ऋण के चैक वितरीत किए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन गोस मोहम्मद कृषि विभाग ने किया और अतिरिक्त निदेशक कृषि बी एल पाटीदार ने कृषक सवांद कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभागार में बड़ी संख्या में कृषक एवं पशुपालक मौजूद रहें । कार्यक्रम में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा, अतरिक्त निदेशक बी एल पाटीदार, सहायक निदेशक कृषि गोस मोहम्मद, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्पक मीणा, पशुपालन विभाग हरिकेश मीणा, उधानिकी विभाग पुरुषोत्तम भट्ट सहित विभागीय अधिकारीगण-कर्मचारीगण मौजूद रहे और दिवंगत विधायक के पुत्र अविनाश मीणा सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

सम्पादक की कलम से....

**सम्पादकीय**

# आम जन की भाषा है हिन्दी




पिछले 67 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें। मगर कोरोना महामारी के चलते पाबंदियां लगी होने के कारण वर्चुअल रूप से ही कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेगें। इस बार हिन्दी दिवस पर देश भर में कहीं भी बड़े कार्यक्रमों का आयोजन नहीं हो पायेगा। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है।

हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली दूसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। हिन्दी के प्रयोग एवं प्रचार हेतु मनाया जाने वाला हिन्दी-दिवस न केवल हिन्दी के प्रयोग का अवसर प्रदान करता है, बल्कि इस बात का ज्ञान भी दिलाता है कि हिन्दी का प्रयोग भारतीय जनता का अधिकार है। जिसे उनसे छीना नहीं जा सकता है। हम जानते हैं कि इतने बड़े जनसमुदाय वाले देश में अपने अधिकार की लड़ाई लड़ना आसान नहीं है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# विश्व भाषा की ओर बढ़ती हिन्दी की भारत में उपेक्षा क्यों?

विश्व भाषा बनने की ओर हिन्दी के बढ़ते कदम भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि है। हिन्दी विश्व भाषा बनने की समस्त अर्हताएं एवं विशेषताएं स्वयं में समाये हुए है। हिन्दी स्वयं में अपने भीतर एक अन्तर्राष्ट्रीय जगत छिपाये हुए हैं। आर्य, द्रविड, आदिवासी, स्पेनी, पुर्तगाली, जर्मन, फ्रेंच, अंग्रेजी, अरबी, फारसी, चीनी, जापानी, सारे संसार की भाषाओं के शब्द इसकी विश्वमैत्री एवं वसुधैव कुटुम्बकम वाली प्रवृत्ति को उजागर करते हैं। विश्व में हिंदी भाषी करीब 70 करोड़ लोग हैं। यह तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है। इस समृद्ध एवं वैश्विक गरिमा वाली भाषा का हिन्दी दिवस प्रत्येक 14 सितबंर को मनाया जाता है। देश की आजादी के पश्चात 14 सितंबर, 1949 को भारतीय संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू ने 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई और आज इस दिवस की अधिक प्रासंगिकता क्यों उभर रही है? क्योंकि विश्व में प्रतिष्ठा पा रही हिन्दी की हमारे देश में दिन-प्रतिदिन उपेक्षा होती जा रही है, हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है और यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं है जब हिन्दी हमारे अपने ही देश में विलुप्तता के कगार पर पहुंच जायेगी। जबकि हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करने के साथ-साथ इसे संयुक्त राष्ट्र संघ की सातवीं आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति दिलाने के लिये ठोस कदम उठाये जाने की अपेक्षा है। हिन्दी में यह शक्ति कब आएगी कि वह विश्व के लिये एक ऐसी महत्वपूर्ण भाषा बन जाये, जिसकी उपेक्षा न देश में और न दुनिया में हो सके। यह तभी संभव है जब हमारी मानसिकता बदले, हम हिन्दी को बोलते हुए गर्व का अनुभव करें एवं स्वयं के देश में हिन्दी को प्रतिष्ठापित करें, सम्मान करें। आचार्य विनोबा भावे ने सही कहा कि हिंदी को गंगा नहीं बल्कि समुद्र बनना होगा।

हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलना चाहिए।




**विचार बिन्दु**



ललित गर्ग

**हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ ही हमारी राजभाषा भी है, यह हमारे अस्तित्व एवं अस्मिता की भी प्रतीक है, यह हमारी राष्ट्रीयता एवं संस्कृति की भी प्रतीक है। हिन्दी के महान कवि एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी अपने देश की हिन्दी भाषा, अपने देश की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की महान संस्कृति में सारी मानव जाति की भलाई को देखते थे। हिन्दी को वोट मांगने और अंग्रेजी को राज करने की भाषा बनाना हमारी राष्ट्रीयता का अपमान नहीं हैं?**

हिंदी भारत की राजभाषा है। सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व को समेट हिंदी अब विश्व में लगातार अपना फैलाव कर रही है। देश-विदेश में इसे जानने-समझने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इंटरनेट के इस युग ने हिंदी को वैश्विक धाक जमाने में नया आसमान मुहैया कराया किया है। हिंदी जानने, समझने और बोलने वालों की बढ़ती संख्या के चलते अब विश्व भर की वेबसाइट हिंदी को भी तवज्जो दे रही हैं। ईमेल, ईकॉमर्स, ईबुक, इंटरनेट, एसएमएस एवं वेब जगत में हिंदी को बड़ी सहजता से पाया जा सकता है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, आइबीएम तथा ओरेकल जैसी कंपनियां अत्यंत व्यापक बाजार और भारी मुनाफ़े को देखते हुए हिंदी प्रयोग को बढावा दे रही हैं।

भारत को बेहतर ढंग से जानने के लिए दुनिया के करीब 115 शिक्षण संस्थानों में हिंदी का अध्ययन अध्यापन होता है। अमेरिका में 32 विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में हिंदी पढ़ाई जाती है। ब्रिटेन की लंदन यूनिवर्सिटी, कैंब्रिज और यॉर्क यूनिवर्सिटी में हिंदी पढ़ाई जाती है। जर्मनी के 15 शिक्षण संस्थानों ने हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन को अपनाया है। कई संगठन हिंदी का प्रचार करते हैं। चीन में 1942 में हिंदी अध्ययन शुरू हुआ। 1957 में हिंदी रचनाओं का चीनी में अनुवाद कार्य आरंभ हुआ। एक अध्ययन के मुताबिक हिंदी सामग्री की खपत करीब 94 फीसद तक बढ़ी है। हर पांच में एक व्यक्ति हिंदी में इंटरनेट प्रयोग करता है। फ़ेसबुक, ट्विटर और वाट्स एप में हिंदी में लिख सकते हैं। इसके लिए गूगल हिंदी इनपुट, लिपिक डॉट इन, जैसे अनेक सॉफ्टवेयर और स्मार्टफोन एप्लीकेशन मौजूद हैं। हिंदी-अंग्रेजी अनुवाद भी संभव है। विश्व स्तर पर हिन्दी की प्रतिष्ठा के बावजूद भारत में उसकी उपेक्षा क्यों? इस सन्दर्भ में महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें।' आजादी के अमृत महोत्सव तक पहुंचाने के बाद भी आजाद भारत में भी हमने हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान न दिला सके, यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी राष्ट्रीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। गतदिनों पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू ने हिन्दी के बारे में ऐसी ही बात कही थी, जिसे कहने की हिम्मत महर्षि दयानंद, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया में ही थी। उन्होंने कहा कि 'अंग्रेजी एक भयंकर बीमारी है, जिसे अंग्रेज छोड़ गए हैं।'' आजादी के 75 साल बाद भी सरकारें अपना काम-काज अंग्रेजी में करती हैं, यह देश के लिये दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति है। वैंकय्या नायडू का हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुड़े हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए। हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है।

राष्ट्रभाषा को प्रतिष्ठापित करने एवं सांस्कृतिक सुरक्षा के लिये अनेक विशिष्ट व्यक्तियों ने व्यापक प्रयत्न किये। सुमित्रानन्दन पंत, महादेवी वर्मा और आगरा के सांसद सेठ गोविन्ददासजी ने अंग्रेजी के विरोध में अपनी पद्मभूषण की उपाधि केन्द्र सरकार को वापिस लौटा दी। वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न खड़ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा? हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। भाषायी संकीर्णता न राष्ट्रीय एकता के हित में है और न ही प्रान्त के हित में। प्रान्तीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना, जिससे राष्ट्रीय भाषा के साथ टकराहट पैदा हो जाये, यह देश के लिये उचित कैसे हो सकता है?

# किस देवता के आशीर्वाद के चलते हनुमानजी सदैव जल से सुरक्षित रहते हैं!

एक बार की बात है माता अंजनी अपने बेटे को पालने में लिटा कर फल?फूल लेने के लिए वन में चली गईं। तभी बालक हनुमान ने पूर्व दिशा में सूर्य को उदय होते देखा। बस क्या था! हनुमानजी तुरंत आकाश में उड़ चले। वायुदेव ने जब यह देखा तो वह शीतल पवन के रूप में उनके साथ चलने लगे ताकि बालक पर सूर्य का ताप नहीं पड़े। अमावस्या का दिन था। राहु सूर्य को ग्रसित करने के लिए बढ़ रहा था तो हनुमानजी ने उसे पकड़ लिया। राहु किसी तरह उनकी पकड़ से छूट कर भागा और देवराज इंद्र के पास पहुंचा। इंद्र अपने प्रिय हाथी ऐरावत पर बैठकर चलने लगे तो हनुमानजी ऐरावत पर भी झपटे। इस पर इंद्र को क्रोध आ गया। उन्होंने बालक पर वज्र से प्रहार किया तो हनुमानजी की ठुड्डी घायल हो गई। वह बेहोश होकर पर्वत शिखर पर गिर गए। यह सब देखकर वायुदेव को भी क्रोध आ गया। उन्होंने अपनी गति रोक दी और अपने पुत्र को लेकर एक गुफा में चले गए। अब वायु के नहीं चलने से सब लोग घबरा गए। देवतागण सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी के पास पहुंचे। सारी बात सुनकर ब्रह्माजी उस गुफा में पहुंचे और हनुमानजी को आशीर्वाद दिया तो उन्होंने आंखें खोल दीं। पवन देवता का भी क्रोध शांत हो गया। ब्रह्माजी ने कहा कि इस बालक को कभी भी ब्रह्म श्राप नहीं लगेगा। इसके बाद उन्होंने सभी देवताओं से कहा कि आप सब भी इस बालक को वर दें। इस पर देवराज इंद्र बोले कि मेरे वज्र से इस बालक की हनु यानि ठोढ़ी पर चोट लगी है इसलिए इसका नाम हनुमान होगा। सूर्य ने बालक हुनमान को अपना तेज दिया तो वरूण ने कहा कि हनुमान सदा जल से सुरक्षित रहेंगे। इस प्रकार हर देवता ने हनुमानजी को वर प्रदान किया जिससे वह बलशाली हो गए।

हनुमानजी बहुत ही चंचल थे। वह जब चाहे जहां चाहें पहुंच जाते थे और जो मन में आता वह कर डालते थे। हनुमानजी की शरारतों से आश्रमों में रहने वाले ऋषि?मुनि परेशान रहते थे। इस पर ऋषि?मुनियों ने हनुमानजी को श्राप दिया कि जिस बल के कारण तुम इतने शरारती हो गए हो उसी को लंबे समय तक भूले रहोगे जब कोई तुम्हें तुम्हारे बल के बारे में याद दिलाएगा तभी तुमको सब याद आएगा। इस श्राप के कारण हनुमानजी का स्वभाव शांत और सौम्य हो गया। थ्सके बाद उनके माता?पिता ने उन्हें शिक्षा दीक्षा के लिए सूर्यदेव के पास भेजने का निर्णय किया तो हनुमानजी बोले कि सूर्यदेव तो बहुत दूर हैं, मैं वहां पहुंचुंगा कैसे? उनकी माता अंजनी हनुमानजी को मिले श्राप के बारे में जानती थीं और जब उन्होंने उनको उनके बल के बारे में याद दिलाया तो उन्हें सब याद आ गया कि बचपन में वह किस प्रकार सूर्य की ओर लपके थे।

वह आकाश में जा पहुंचे और सूर्यदेव के सारथि अरुण से मिले जोकि उन्हें सूर्यदेव के पास ले गए। सूर्यदेव ने उनके आने का कारण जाना तो बोले कि मैं तो हर समय अंतरिक्ष की यात्रा करता रहता हूं मुझे एक पल का भी आराम नहीं है मैं तुम्हें किस प्रकार शिक्षा-दीक्षा दे पाऊंगा। इस पर हनुमानजी बोले कि मैं आपके रथ के वेग के साथ-साथ चलता रहूंगा क्योंकि मुझे आपसे ही शिक्षा प्राप्त करनी है। इस पर सूर्यदेव ने हां कर दी और पूरे मनोयोग से हनुमानजी को हर शास्त्र में निपुण बना दिया। शिक्षा खत्म होने के बाद जब हनुमानजी चलने लगे तो उन्होंने दक्षिणा के बारे में पूछा तो सूर्यदेव बोले कि मुझे कुछ नहीं चाहिए लेकिन यदि कपिराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव की मदद का वचन मुझे दोगे तो मुझे अत्यंत प्रसन्नता होगी। इस पर हनुमानजी ने उन्हें सुग्रीव की मदद करने का वचन दिया।




## 13 सितम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

| | |
|---|---|
| 1791 | फ्रांस के राजा लुई 14वें ने नया संविधान अंगीकार किया। |
| 1882 | एंग्लो-मिस्र युद्धः तेल अल केबिर की लड़ाई लड़ी गई। |
| 1914 | प्रथम विश्व युद्धः जर्मनी और फ्रांस के बीच एस्ने की लड़ाई शुरू हुई। |
| 1922 | पोलैंड की संसद ने जिडायनिया बंदरगाह निर्माण अधिनियम पारित कर दिया गया। |
| 1923 | स्पेन में सैन्य तख्ता पलट। मिगेल डे प्रिमो रिवेरा ने सत्ता संभाली और तानाशाह सरकार की स्थापना की। ट्रेड यूनियनों को 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। |
| 1947 | प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने 40 लाख हिंदुओं और मुसलमानों के पारस्परिक स्थानांतरण का सुझाव दिया। |
| 1948 | उप प्रधानमंत्री वल्लभ भाई पटेल ने सेना को हैदराबाद में घुस कर कार्रवाई करने और उसे भारतीय संघ के साथ एकीकृत करने का आदेश दिया। |
| 1968 | अल्बानिया वारसॉ संधि से अलग हुआ। |
| 2000 | भारत के विश्वनाथन आनन्द ने शेनयांन में पहला फ़िडे शतरंज विश्व कप जीता। |
| 2002 | इस्रायल ने फ़िलिस्तीन अधिकृत गाजा पट्टी पर हमला किया। |
| 2005 | सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हेतु समर्थन देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका ने मानकों की घोषणा की। |
| 2006 | इब्सा (भारत-ब्राजील-साउथ अफ़्रीका त्रिगुटीय संगठन) का पहला शिखर सम्मेलन ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में शुरू। |

# भारत की सम्पर्क भाषा है हिन्दी

**विचार बिन्दु**



रमेश सर्राफ धमोरा

**देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है।**

किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अतः हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। पिछले 68 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें। मगर कोरोना महामारी के चलते पाबंदियां लगी होने के कारण इस बार हिन्दी दिवस पर देश भर में कहीं भी बड़े कार्यक्रमों का आयोजन नहीं हो पायेगा। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। हिन्दी के प्रयोग एवं प्रचार हेतु मनाया जाने वाला हिन्दी-दिवस न केवल हिन्दी के प्रयोग का अवसर प्रदान करता है, बल्कि इस बात का ज्ञान भी दिलाता है कि हिन्दी का प्रयोग भारतीय जनता का अधिकार है।

हैल्थ संवाददाता

स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।

## संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## शाक से मिलता है प्रोटीन




शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

## बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

## कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

# शाकाहार

## शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्

## किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

## शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

## विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

## शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

## मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अतः निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

## लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है



हैल्थ संवाददाता

आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवतः यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकॉतिक तत्वों से मिलकर बना है। अतः मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।

शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

## मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

## हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।






# कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

## पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।



# ‘विक्की विद्या का वो वाला वीडियो’ का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की फिल्म ‘विक्की विद्या का वो वाला वीडियो’ का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का ट्रेलर ड्रामा और कॉमेडी से भरपूर है। फिल्म 11 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। ट्रेलर की शुरुआत राजकुमार (विक्की) और तृप्ति (विद्या) के वेडिंग फोटोशूट से होती है। इसके बाद उनकी सुहागरात का सीन दिखाया जाता है जिसमें विक्की विद्या से कहता है कि वे हॉलीवुड कपल्स की तरह अपनी सुहागरात का वीडियो बनाएंगे। बाद में उनके इसी वीडियो की सीडी चोरी हो जाती है और यहीं ड्रामे की शुरुआत होती है। राजकुमार और तृप्ति पहली बार पर्दे पर एक साथ धमाल मचाने जा रहे हैं।

**लाइफ Style**

# प्राची

## मुझे हमेशा स्ट्रगल करना पड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्राची देसाई ने टीवी से लेकर फिल्मों तक में अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरा। उन्होंने इंडस्ट्री में खूब नाम कमाया। लेकिन, एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में काफी स्ट्रगल किया है। उन्होंने बताया था कि इंडस्ट्री में काफी नेपोटिज्म है। एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि स्टारकिड्स को फ्लॉप होने के बाद भी काफी फिल्में मिलती हैं।

प्राची ने एक इंटरव्यू में कहा था, ‘मैं रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर और अभिषेक कपूर की रॉक ऑन के लिए बहुत आभारी हूं। तब मैं बहुत यंग थी और उस वक्त इंडस्ट्री में मेरे ज्यादा फ्रेंड्स भी नहीं थे। मुझे नहीं लगता कि कोई मुझे उस वक्त सीरियली लेता था, क्योंकि हो सकता है कि उन्हें लगा हो कि मैं वन फिल्म वंडर हूं। थैंकफुली, डेब्यू के बाद मुझे वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई और फिर बोल बच्चन मिली।’ इंडस्ट्री में नेपोटिज्म को लेकर उन्होंने कहा था, ‘लेकिन मुझे हमेशा स्ट्रगल करना पड़ा। क्योंकि, मैं इंडस्ट्री की किड नहीं थी. आउटसाइडर उतने अच्छे से फिट नहीं हो पाते हैं जितने अच्छे से स्टार किड्स हो जाते हैं। हम आउटसाइडर्स को उतने चांसेस नहीं मिल पाते हैं। बड़ी फिल्म पाना बहुत रेयर है। लेकिन, स्टार्स किड्स को प्लेटर पर फिल्म ऑफर होती हैं, जबकि ज्यादातर समय उनकी फिल्में फ्लॉप होती रहती हैं! पूरे सम्मान के साथ, मुझे लगता है कि मैं ईमानदारी से कहती हूं कि आउटसाइडर के लिए ये हमेशा मुश्किल होता है।’ बता दें कि प्राची ने रॉक ऑन, लाइफ पार्टनर, तेरी मेरी कहानी, पुलिसगिरी, आई मी और मैं, एक विलेन, अजहर, फॉरेंसिक जैसी फिल्में की हैं।



**हॉलीवुड मसाला**



# टेलर ने जीते सात पुरस्कार

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने एमटीवी वीडियो म्यूजिक अवॉड्‌र्स में धूम मचा दी है। उन्होंने इस बार कुल सात खिताब अपने नाम किए और इस तरह अब उनकी झोली में कुल 30 पुरस्कार आ गए है। टेलर के गाने फोर्टनाइट को साल के सर्वश्रेष्ठ वीडियो का खिताब मिला है। इसे पोस्ट मेलोन ने भी गाया था। टेलर स्विफ्ट ने वीडियो म्यूजिक अवॉड्‌र्स में कुल 30 पुरस्कार अपने नाम करने के साथ-साथ एक खास रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है।





# ऑस्कर अवॉर्ड से खुश नहीं हैं हैली

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता हैली बेरी पहली अश्वेत महिला हैं, जिन्हें इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें साल 2002 में ‘मॉन्सटर्स बॉल’ के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उसके बाद से 22 वर्षों में अब तक किसी भी अश्वेत महिला को इस अवॉर्ड से सम्मानित नहीं किया गया है। इसके बाद भी हैली बेरी अपने ‘ऑस्कर अवॉर्ड’ से निराश हैं। हैली ने खुलकर इसका कारण भी बताया है। हैली बेरी ने कहा, मेरे लिए दिल टूटने का सबसे बड़ा कारण है कि ऑस्कर में और अधिक अश्वेत महिलाओं के लिए कभी दरवाजा नहीं खोला गया, जैसा कि उन्होंने अपने स्वीकृति भाषण के दौरान घोषित किया था।



# रुबीना को ऑफर हो रहे भाभी के रोल

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस रुबीना दिलैक ने अपनी लाइफ का नया चैप्टर शुरू कर दिया है। वो अब दो बेटियों की मां हैं। रुबीना ने 27 नवंबर 2023 को जुड़वा बेटियों को जन्म दिया था। उन्होंने बेटियों का नाम ईधा और जीवा रखा है। रुबीना अब काम पर वापस लौट आई हैं। उन्होंने सबसे पहले फिटनेस पर फोकस किया और अब वो काम कर रहे हैं। यूट्यूब पर उनका शो किसी ने बताया नहीं आ रहा है। ये इस शो का तीसरा सीजन है। इस शो में रुबीना पेरेंटहुड जर्नी को लेकर बातचीत करती हैं। शो के तीसरे सीजन में रुबीना की पहली गेस्ट उनकी बहन रोहिणी थीं। अब शो में शरद केलकर आएं। शरद संग बातचीत में रुबीना ने बताया कि मां बनने के बाद उन्हें भाभी के रोल ऑफर हो रहे हैं। उन्होंने टाइपकास्ट होने को लेकर बातचीत की।



# हंसी का तगड़ा डोज देने को तैयार अक्षय

**मुंबई।** अक्षय कुमार फैन्स के लिए हाल ही में एक बड़ी खुशखबरी आई। बॉलीवुड के ‘खिलाड़ी’ कुमार के साथ कई यादगार कॉमेडी फिल्में बना चुके प्रियदर्शन ने नई फिल्म अनाउंस की है जिसका नाम है ‘भूत बंगला’। 14 साल बाद ये जोड़ी बड़े पर्दे के लिए एक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही है। इस अनाउंसमेंट से खुश होने वाले फैन्स की एक्साइटमेंट अब और भी बढ़ जाएगी। ‘भूत बंगला’ में अक्षय के साथ ऐसे एक्टर्स की तिकड़ी आ रही है, जिनका एक साथ किसी फिल्म में होना ही धमाकेदार कॉमेडी की गारंटी होती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय कुमार, प्रियदर्शन और प्रोड्यूसर एकता कपूर ‘भूत बंगला’ के लिए हिंदी सिनेमा की आइकॉनिक कॉमेडी तिकड़ी को साथ लाने में कामयाब हो गए हैं। ये तिकड़ी है- राजपाल यादव, परेश रावल और असरानी।

**टीवी मसाला**



# क्या सल्लू के शो में होने वाली है बिग बॉस विनर की एंट्री?

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के बाद अब बिग बॉस 18 को लेकर काफी उत्सुकता बना हुआ है। हर किसी को सलमान खान के शो के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। शो को लेकर लगातार नई अपडेट सामने आ रही है। बिग बॉस का हिस्सा बनने को लेकर कई नाम सामने आ चुके हैं। कई नाम ऐसे भी हैं, जिन्होंने सलमान के शो का ऑफर ठुकरा दिया है। बिग बॉस 17 कंटेस्टेंट विकी जैन और अंकिता लोखंडे इन दिनों लाफ्टर शेफ शो में नजर आ रहे हैं। हाल ही में इसी शो में बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारूकी पहुंचे। इस दौरान शो में काफी मस्ती मजाक हुआ, लेकिन इसी दौरान विकी जैन के मुंह से कुछ ऐसा निकल गया, जिसके बाद मुनव्वर को उन्हें रोकना पड़ा। विकी ने कहा, ‘मुनव्वर 5 अक्टूबर से फिर बिग बॉस में आ रहे हैं।’ ये सुनते ही मुनव्वर ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। बता दें कि ऐसी खबरें पहले से ही सामने आ रही हैं कि पुराने कंटेस्टेंट बिग बॉस में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में अब मुनव्वर अगर शो कहा हिस्सा बनते है तो वो सीनियर के तौर पर नजर आएंगे।

## महिला मंडल का सीक्रेट जानने की कोशिश में पकड़े जाएंगे गोकुलधाम के पुरुष...

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा का आनेवाला एपिसोड बहुत मजेदार होने वाला है। जैसा कि अबतक आपने देखा कि गोकुलधाम की महिलाओं ने गणेश उत्सव की कमान अपने हाथ में ले ली है। महिलाएं गणेश पंडाल को सजाने के लिए काम कर रही हैं। वहीं, गोकुलधाम की टप्पू सेना और पुरुष गणेश पंडाल की थीम जानने की कोशिश में लगे हैं। टप्पू सेना थीम जानने के लिए कुछ चालाकियां कर रही है। वहीं, पुरुष भी अपने-अपने तरीके से थीम जानने की कोशिश कर रहे हैं। जेठालाल सबको सुझाव देगा कि उन्हें पंडाल में जाकर देख लेना चाहिए कि सारी तैयारी सही से हुई है या नहीं। जेठालाल की बात सुनकर सब पुरुष पंडाल के अंदर जाने के लिए कदम बढ़ाएंगे। हालांकि, जैसे ही वो पंडाल के पास पहुंचेंगे एक अलार्म बजने लगेगा। पूरी सोसाइटी में आवाज होने लगेगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या रंगे हाथों पकड़े जाने के बादल गोकुलधाम की महिलाएं पुरुषों से हो जाएंगी नाराज या उन्हें देंगी कोई मजेदार सजा?



# महमूद ने राजेश से तंग आकर जब एक दिन सेट पर ही जड़ दिया था उनको थप्पड़

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में सुपरस्टार्स के लिए एक बात बड़ी मशहूर है, बात ये कि जब तक कोई सुपरस्टार अपने सेट पर लेट नहीं होता वो स्टार नहीं कहलाता। सेट पर लेट और अक्सर बहुत ज्यादा लेट आने को लेकर बहुत से स्टार फेमस रहे हैं। जिसमें राज कपूर, शत्रुघ्न सिन्हा जैसे कई सितारों का नाम शामिल है। इस सिलसिले को बदलने में पहल करने वाले स्टार्स में सबसे पहले सुपरस्टार बने अमिताभ बच्चन। उससे पहले सुपर स्टार रहे राजेश खन्ना भी लेट आने की आदत के शिकार थे। जिन्हें इस आदत के चलते थप्पड़ तक खाना पड़ा था।



***मशहूर कॉमेडियन ने जड़ा था थप्पड़ :*** राजेश खन्ना को ये थप्पड़ किसी और ने नहीं, बल्कि मशहूर कॉमेडियन महमूद ने जड़ा था। जो अपने समय के बेहद जाने माने एक्टर और कॉमेडियन तो थे ही। डायरेक्टर और प्रोड्यूसर भी बन चुके थे। अपनी एक फिल्म के लिए उन्होंने राजेश खन्ना को कास्ट किया था। अपने दिए हुए टाइम से राजेश खन्ना हमेशा ही लेट आते थे। उनकी लेट आन की आदत के चलते महमूद को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। एक तो पूरी क्रू परेशान होता था दूसरा महमूद का खर्चा बहुत बढ़ रहा था। एक दिन महमूद के सब्र का बांध टूटा और उन्होंने राजेश खन्ना को लेट आने पर चांटा मार दिया।

### इस फिल्म के सेट से जुड़ा है किस्सा

ये किस्सा राजेश खन्ना की फिल्म जनता हवलदार से जुड़ा है। जिसे महमूद ही बना रहे थे। आईएमडीबी के मुताबिक महमूद इस फिल्म में अमिताभ बच्चन को ही लेना चाहते थे, लेकिन डेट्स की परेशानी के चलते राजेश खन्ना को कास्ट करना पड़ा। फिल्म की कहानी एक ईमानदार हवलदार की है जिसे एक फूल बेचने वाली से प्यार हो जाता है। हर कहानी की तरह इस लवस्टोरी में विलेन भी है और थ्रिल भी है। जनता हवलदार फिल्म को महमूद ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में राजेश खन्ना, योगिता बाली, अशोक कुमार, हेमा मालिनी और महमूद लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक राजेश रोशन का था।

# 1974 की वो फिल्म जिसमें एक्टर का नाम सुनते ही भड़क गए थे डिस्ट्रीब्यूटर

**नई दिल्ली।** आज बॉलीवुड के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन कभी ऐसे दौर से गुजर चुके हैं, जब फिल्म मेकर्स अपने प्रोजेक्ट के लिए उन्हें कास्ट तक नहीं करना चाहते थे और डिस्ट्रीब्यूटर्स उनका नाम सुन कर ही पैर पीछे खींच लेते थे। कई बार उन्हें फिल्मों से रिजेक्ट कर दिया गया। साल 1974 में एक फिल्म की शूटिंग के बीच से उन्हें निकाल दिया गया था। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस अरुणा ईरानी ने इस बात का खुलासा किया था। क्या कहा अरुणा ईरानी ने चलिए आपको बताते हैं।

### मेकर्स ने किया फिल्म से बाहर

अरुणा ईरानी ने बताया कि एक बार वह महमूद के साथ किसी फिल्म की शूटिंग कर रही थी। तभी अमिताभ बच्चन वहां आए। अमिताभ काफी उदास नजर आ रहे थे। फिल्म मेकर कुंदन कुमार भी वहां मौजूद थे।



अमिताभ अंदर गए, थोड़ी देर बाद जब वापस आए तो उनसे पूछा गया कि क्या हुआ तो उन्होंने कहा कि 5 रील की शूटिंग के बाद उन्हें फिल्म से बाहर कर दिया गया है। फिल्म मेकर्स का कहना है कि डिस्ट्रीब्यूटर्स उनका नाम सुन कर ही फिल्म खरीदने को तैयार नहीं हो रहे। ऐसे में मेकर्स ने कहा कि वह खुद फिल्म से अलग हो जाएं।

### अगले ही साल मिली हिट फिल्म

साल 1974 में आई इस फिल्म का नाम था ‘दुनिया का मेला’। इस फिल्म में संजय खान ने लीड रोल निभाया था। इस फिल्म के मेकर्स ने अमिताभ को फिल्म से बाहर कर दिया, लेकिन उनकी किस्मत तो कुछ और ही थी। अगले ही साल ही फिल्म जंजीर रिलीज हुई और सुपरहिट हुई। इसी के साथ अमिताभ के तारे चमक उठे और फिर एक के बाद एक कई हिट फिल्में उनकी झोली में आ गई।

# 11 साल में ही बन गई थी स्टार, बेटे के जन्मदिन पर पति ने इस एक्ट्रेस को उतार दिया था मौत के घाट

*किशोर कुमार के साथ ‘अपना हाथ जगन्ननाथ’ और मनोज कुमार के साथ फिल्म ‘कांच की गुड़िया’ कर हिंदी सिनेमा में अपना चमकाया था सितारा*

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में कई स्टार्स की मौत एक मिस्ट्री बनकर रह गई। कई स्टार्स ऐसे भी रहे, जिन्होंने पूरी जिंदगी दौलत और शोहरत दोनों ही कमाए, लेकिन उनका अंत किसी फिल्म के दुखद सीन से कम नहीं रहा। बहुत कम लोग सईदा खान के बारे में जानते हैं। इस हसीना के साथ जो हुआ, उसे जानने के बाद किसी के भी पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। सईदा ने कम उम्र में ही एक्ट्रेस बनने का सपना देखा था। सईदा ने डायरेक्टर एचएच रवैल की फिल्म किशोर कुमार के साथ ‘अपना हाथ जगन्ननाथ’ और मनोज कुमार के साथ फिल्म ‘कांच की गुड़िया’ कर हिंदी सिनेमा में अपना सितारा चमकाया था। सईदा ने इन दोनों फिल्मों के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा था।*

### जिंदगी में आईं नई खुशियां

समय के साथ-साथ सईदा का चमकता सितारा धुंधला पड़ता गया। फिल्में मिलना बंद हुआ तो, बी ग्रेड फिल्म इंडस्ट्री में उतरना पड़ा। डूबते करियर के दौरान सईदा को फिल्म डायरेक्टर और निर्माता ब्रिज सरदाना से इश्क हो गया। इस कपल ने शादी रचाई और फिर इस शादी से दो बच्चे भी हुए। बेटी की नाम नम्रता और बेटे का नाम कमल सदाना (फिल्म रंग के एक्टर)।

### बेटे के बर्थडे पर पति ने उतारा मौत के घाट

21 अक्टूबर 1990 कमल सदाना के 20वें बर्थडे सेलिब्रेशन की तैयारी कर रहीं सईदा ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि यह उनकी जिंदगी का आखिरी दिन होगा। सईदा के पति घर पर नशे में धुत होकर पहुंचे और फिर उन्होंने बिना सोचे-समझे पत्नी और बेटी को गोली मारकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। ब्रिज सरदाना ने अपने एक्टर बेटे कमल सदाना को भी गोली मारी और फिर खुद को भी शूट कर अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर ली, लेकिन भाग्यवश कमल सदाना इस हादसे में बच गए।



### कमल सदाना ने सुनाई आपबीती

कमल सदाना ने कहा, ‘मुझे भी एक गोली लगी थी, जो मेरी गर्दन की एक तरफ से घुसकर दूसरी तरफ से निकल गई थी, लेकिन भगवान की दुआ से मैं बच गया। मैं क्यों बचा इसका कोई कारण नहीं है। मैं अपनी मां और बहन को अस्पताल लेकर गया। मेरी मां-बहन खून से लथपथ थीं, लेकिन मुझे इस बात का जरा भी एहसास नहीं था कि मुझे भी गोली लगी है। अस्पताल पहुंचा तो वहां एक भी बेड खाली नहीं था। मेरे दोस्त ने मेरी हेल्प की, मैंने डॉक्टर के आगे हाथ जोड़े कि वो मेरी मां-बहन को बचा लें। वहीं, मेरी भी सर्जरी हुई और जब घर पहुंचा था, मैं अपने परिवार को खो चुका था।’

### कमल सदाना को पहुंचा सदमा

फिल्म ‘बेखुदी’ (1992) में काजोल के साथ लीड एक्टर नजर आए कमल सदाना ने एक इंटरव्यू में अपने बर्थडे पर हुए इस खौफनाक मंजर के बारे में बताया। कमल ने बताया कि इस हादसे के दौरान वह घायल अवस्था में अपनी मां और बहन को अस्पताल लेकर गए थे। मां और बहन को देख कमल को इस बात का एहसास ही नहीं हुआ था कि उन्हें भी गोली लगी है। इलाज के दौरान एक्टर की सर्जरी हुई और जब वह ठीक होकर घर लौटे तो उन्हें पता चला कि उन्होंने अपने परिवार को खो दिया है।

# एसबीआई की अमृत कलश स्कीम की डेडलाइन 30 सितंबर तक बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश का सबसे बड़ा पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई समय-समय पर अपने ग्राहकों के लिए स्पेशल एफडी की सुविधा पेश करता रहता है। आज के दौर में हर कोई अपनी कमाई में से कुछ न कुछ सेविंग्स करता है और उसे ऐसी जगह निवेश करने का प्लान करता है जहां उन्हें जबरदस्त रिटर्न के साथ ही उसका पैसा सुरक्षित भी रहे। अब इस स्कीम को लेकर बड़ी खबर सामने आई है।

### सीनियर सिटीजंस के लिए बेहतर

खासतौर पर सीनियर सिटीजंस यही सोचकर इन्वेस्टमेंट करते हैं और इस हिसाब से निवेश करने के लिए एफडी एक अच्छा विकल्प है। ऐसे में अगर आप अपना पैसा सुरक्षित रखना चाहते हैं तो

## 400 दिनों वाली स्पेशल एफडी स्कीम में मिल रहा तगड़ा ब्याज

### 400 दिन की एफडी में 7.60 फीसदी ब्याज

सीनियर सिटीजन को इस स्कीम पर जमा राशि पर अतिरिक्त 0.50 फीसदी ब्याज दर का लाभ मिल रहा है। ऐसे में उन्हें 400 दिन की एफडी स्कीम पर 7.60 फीसदी ब्याज का फायदा मिल रहा है। इस स्कीम के तहत आप 2 करोड़ रुपये तक की राशि जमा कर सकते हैं। एसबीआई द्वारा ये स्कीम लॉन्च किए जाने के बाद से ही पॉपुलर हो गई थी और लगातार इसमें निवेश करने वालों की संख्या बढ़ी है।




### अमृत कलश की डेडलाइन 30 सितंबर तक बढ़ी

भारतीय स्टेट बैंक ने अमृत कलश स्कीम के डेडलाइन को 30 सितंबर 2024 तक के लिए बढ़ा दिया है। इस स्कीम को बैंक ने 12 अप्रैल 2023 को लॉन्च किया है। एसबीआई अमृत कलश स्कीम एक 400 दिन की एफडी स्कीम है जिसमें निवेश करने पर सामान्य नागरिकों को 7.10 फीसदी ब्याज दर का लाभ मिल रहा है।

### कई बार बढ़ चुकी है डेडलाइन

जबरदस्त रिटर्न वाली एसबीआई अमृत कलश स्कीम की डेडलाइन पहले 23 जून 2023 को खत्म हो रही थी जिसे बढ़ाकर बाद में 31 दिसंबर 2023 कर दिया गया था। बाद में इसे 31 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया था। अब बैंक ने इस स्पेशल एफडी स्कीम की डेडलाइन को एक बार फिर बढ़ाते हुए इसे 30 सितंबर 2024 तक कर दिया है।

एसबीआई की एक ऐसी स्कीम का नाम अमृत कलश एफडी स्कीम है। इस स्कीम के तहत बैंक अपने ग्राहकों को 400 दिन की एफडी पर तगड़ा ब्याज दर का लाभ दे रहा है।

### किस तरह खुलवा सकते हैं खाता

एसबीआई अमृत कलश स्कीम में निवेश करने के लिए आप एसबीआई की किसी भी शाखा में जा सकते हैं। इस खाता को खुलवाने के लिए आपके पास आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, ई-मेल, आईडी होना जरूरी है। बैंक में जाकर एक फॉर्म भरें और आपका एसबीआई अमृत कलश खाता खुल जाएगा। इस स्कीम के तहत ब्याज टीडीएस काटने के बाद आपके खाते में जमा हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रुपया चार पैसा मजबूत 83.95 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में तेजी के रुख और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार के बाद अंत में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले चार पैसे की तेजी के साथ 83.95 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### हाजिर बाजार में मजबूत मांग से चांदी वायदा में तेजी



**नई दिल्ली।** वायदा बाजार में चांदी की कीमत 379 रुपये उछलकर 84,829 रुपये प्रति किलो रही। हाजिर बाजार में मजबूत मांग के बीच प्रतिभागियों के सौदा बढ़ाये जाने से चांदी के भाव में तेजी आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दिसंबर महीने की डिलिवरी के लिए चांदी 379 रुपये यानी .45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 84,829 रुपये प्रति किलो रही।

### खदानों से कंपनियां शुरू करें उत्पादन : सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र ने कोयला ब्लॉक आवंटियों से हाल में नीलामी में खरीदी गई खदानों से उत्पादन शुरू करने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा है। कोयला खदानों की स्थिति की समीक्षा की जिनकी नीलामी की गई थी और जो प्रक्रिया पूरी होने के विभिन्न चरणों में हैं। ''71 कोयला ब्लॉक नियामकीय मंजूरी प्राप्त करने के विभिन्न चरणों में हैं।

### मजबूत हाजिर मांग से जस्ता कीमतों में उछाल



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को जस्ता की कीमत 3.15 रुपये की तेजी के साथ 263.30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव 3.15 रुपये की तेजी के साथ 263.30 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

### जैन इरिगेशन का 'शेर-ए-कश्मीर' विवि के साथ करार

Jain Irrigation Systems Ltd.
Small Ideas, Big Revolutions

**नई दिल्ली।** जैन इरिगेशन सिस्टम्स ने कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर में किसानों को स्मार्ट और प्रौद्योगिकी-संचालित समाधान पेश करने के लिए शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कश्मीर के साथ समझौता किया है। निदेशक अजीत जैन और एसकेयूएएसटी-कश्मीर के कुलपति नजीर अहमद गनई ने हस्ताक्षर किए।

### कोष प्रबंधन मंच सेंट्रिसिटी ने दो करोड़ डॉलर जुटाए



**नई दिल्ली।** डिजिटल कोष प्रबंधन मंच सेंट्रिसिटी ने शुरुआती वित्तपोषण चरण में दो करोड़ डॉलर लगभग 168 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे कंपनी का मूल्यांकन 12.5 करोड़ डॉलर हो गया है। लाइटस्पीड के नेतृत्व में वित्त जुटाने के इस चरण में कोरियाई वेंचर कैपिटल फंड परामार्क वीसी, ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल, एनवीडिया के एमडी विशाल धूपर और एमएस धोनी, एनबी वेंचर्स, एमएमजी ग्रुप के पारिवारिक कार्यालयों और एक्शन टेसा ने भाग लिया।

## झूमा शेयर बाजार; निवेशकों की हुई बल्ले-बल्ले

# ऑलटाइम हाई पर क्लोज हुआ शेयर बाजार बीएसई सेंसेक्स पहली बार पहुंचा 83000 के पार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में 25 आधार अंकों के कटौती की उम्मीद बढ़ गई। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 1,440 अंक या 1.77% बढ़कर 82,962 पर पहुंच गया। निफ्टी में 470 अंक या 1.89% की बढ़त आई और यह 25,388.9 पर पहुंच गया और अपने पिछले उच्च स्तर 25,333.7 को पार कर गया।

### कंपनियों का मार्केट कैप 6.6 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

इस बीच, बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6.6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 467.36 लाख करोड़ रुपये हो गया। अगस्त में अमेरिकी उपभोक्ता कीमतों में मामूली वृद्धि हुई, लेकिन अंतर्निहित मुद्रास्फीति में कुछ स्थिरता दिखी, जैसा कि आंकड़ों से पता चलता है। सीएमई फेडवॉच के अनुसार, इससे 18 सितंबर को फेड द्वारा 25 आधार अंकों की दर में कटौती की संभावना 66% से बढ़कर 85% हो गई, जबकि 50-बीपीएस की बड़ी कटौती की संभावना 34% से घटकर 15% रह गई।

*भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को 1.5% से अधिक की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। बाजार में यह तेजी वैश्विक निवेशकों की रुचि बढ़ने से आई। अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों के बाद घरेलू इक्विटी बाजार में विदेशी निवेश बढ़ने की उम्मीदें बढ़ गईं*



### इन कंपनियों ने 700 अंक जोड़े

इंडेक्स की बढ़त में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल ने मिलकर सेंसेक्स की तेजी में करीब 700 अंक जोड़े। एलएंडटी, एमएंडएम, एनटीपीसी और कोटक बैंक ने भी इंडेक्स की बढ़त में अहम योगदान दिया।

### आईटी कंपनियों में 1.6% की वृद्धि

आईटी कंपनियां, जो अपने राजस्व का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका से प्राप्त करती हैं, में 1.6% की वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, निफ्टी बैंक, ऑटो, वित्तीय सेवाएं, एफएमसीजी, मेटल, हेल्थकेयर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में 1-3% की वृद्धि दर्ज की गई।

### भारती एयरटेल के शेयर 5% तक चढ़े

भारती एयरटेल के शेयरों में गुरुवार को करीब 5% की तेजी आई और यह एनएसई पर 1,650.75 रुपये के अपने 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस शेयर ने बीएसई सेंसेक्स को 82,774.9 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंचाने में योगदान दिया। पिछले चार कारोबारी सत्रों में यह शेयर बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा है और इसमें करीब 7% की तेजी आई है।

### चढ़ने - गिरने वाले स्टॉक्स

बीएसई पर 4069 शेयर्स की ट्रेडिंग हुई जिसमें 2335 स्टॉक्स तेजी के साथ बंद हुए और 1612 गिरकर क्लोज हुए। 122 के भाव में कोई बदलाव नहीं देखने को मिला है। बीएसई सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि एक गिरकर क्लोज हुआ है। निफ्टी के 50 शेयरों में सभी 50 स्टॉक तेजी के साथ बंद हुए। तेजी वाले स्टॉक्स में हिंडाल्को, एनटीपीसी, श्रीराम फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईशर मोटर्स, ओएनजीसी, विप्रो, अडानी पोर्ट्स उछाल के साथ बंद हुए हैं। गिरने वाले स्टॉक्स में ग्रैनुएल्स इंडिया 16.52 फीसदी, बायोकॉन 2.26 फीसदी, अपोलो टायर्स 1.07 फीसदी, गुजरात गैस 0.81 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

### सेक्टरोल अपडेट

आज बाजार में सभी सेक्टर्स के स्टॉक्स में तेजी रही। बैंकिंग, आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, एनर्जी, हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में शानदार तेजी रही। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी भारी खरीदारी देखने को मिली है जिससे बाजार में चौतरफा रौनक देखने को मिली है।

## कम हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

# क्रूड ऑयल की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो सकते हैं। मिनिस्ट्री ऑफ पेट्रोलियम और नेचुरल गैस के सेक्रेटरी पंकज जैन ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक कम रहती है तो तेल कंपनियां फ्यूल की कीमतों को कम करने पर विचार करेंगी।

दरअसल, तेल की कीमतें हाल ही में तीन साल के निचले स्तर पर आ गई हैं, जिससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों मुनाफा बढ़ा है। संभव है कि महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे प्रमुख राज्यों में चुनावों से पहले इसका फैसला हो सकता है।



■ अभी आंध्रा में सबसे महंगा 108/लीटर है पेट्रोल

### मार्च में 2 रुपए तक कम हुए थे फ्यूल के दाम

इससे पहले मार्च में तेल की कीमतों में गिरावट के कारण खुदरा विक्रेताओं, विशेष रूप से सरकारी कंपनियों का प्रॉफिट मार्जिन बढ़ा था। इसके बाद इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सरकार के आदेश के बाद कीमतें 2 रुपए तक कम की थी। ये कंपनियां देश के ऑयल मार्केट में 90% की हिस्सेदारी रखती हैं।

### देश में सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में

देश में अभी सबसे महंगा पेट्रोल आंध प्रदेश में है। यहां एक लीटर पेट्रोल 108.46 रुपए प्रति लीटर है। इसके बाद केरल में 107 रुपए लीटर, मध्य प्रदेश में 106 रुपए /लीटर और बिहार में 105 रुपए लीटर है। वहीं, आंध प्रदेश में डीजल की कीमत 96 रुपए/लीटर है। पेट्रोल की कीमत को ग्लोबल मार्केट से जोड़तक 2010 में डिकंट्रोल कर दिया गया था और डीजल की कीमत को 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था।

# एक साल में बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने दिया 31% मुनाफा फिक्स्ड डिपॉजिट और अन्य साधनों को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक के फिक्स्ड डिपॉजिट सहित निवेश के अन्य साधनों को पीछे छोड़ते हुए बैलेंस्ड एडवांटेज फंड ने एक साल में 31 फीसदी तक का मुनाफा दिया है। यानी इस दौरान बैलेंस्ड एडवांटेज फंड में 10,000 रुपये का निवेश किया होगा तो आज वह 13,000 रुपये से ज्यादा हो गया होगा।

म्यूचुअल फंड की यह स्कीम इक्विटी बाजार में शून्य से लेकर 100 फीसदी तक निवेश करती है। एसोशिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) का मानना है कि इक्विटी फंड में निवेशकों का रुझान बना हुआ है।




### एम्फी ने जारी किए आंकड़े

एसोशिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के जारी आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी फंड में निवेशकों का रुझान बना हुआ है। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड सिस्टैमैटिक नियम आधारित मॉडल का उपयोग करता है जो इक्विटी अलोकेशन को समयानुसार समाहित करता है। यह एक इन हाउस प्रोसेस है जिसकी मदद से फंड मैनेजर इक्विटी में निवेश कर पाता है। यह फंड इक्विटी या फिक्स्ड इनकम में शून्य से 100 फीसदी तक निवेश करता है।

## सोना बढ़कर 72,013 रुपये हुआ प्रति 10 ग्राम



**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग आने से बृहस्पतिवार को सटोरियों के ताजा सौदे करने से वायदा कारोबार में सोने की कीमत 86 रुपये बढ़कर 72,013 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर आपूर्ति वाले सोने का अनुबंध 86 रुपये यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 72,013 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसमें 14,775 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि सटोरियों की तरफ से ताजा सौदों को अंजाम देने से सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना वायदा 0.21 प्रतिशत बढ़कर 2,547.80 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# भारत में सेमीकंडक्टर तंत्र को बढ़ावा देने सेमी आईईएसए ने हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** वैश्विक सेमीकंडक्टर निकाय सेमी और उसके समकक्ष आईईएसए ने भारत में इस उद्योग के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक समझौते की घोषणा की है। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि समझौते के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) सेमी का हिस्सा बन जाएगा। सेमी 'सेमीकॉन इंडिया' सहित सेमीकॉन कार्यक्रमों का आयोजक है।



**उभरते बाजार में बनेगी मजबूत उपस्थिति :** सेमी के अध्यक्ष और सीईओ अजीत मनोचा ने कहा, "यह साझेदारी सेमी को इस महत्वपूर्ण उभरते बाजार में एक मजबूत उपस्थिति बनाने में मदद करेगी जो आपूर्ति श्रृंखला मजबूती बढ़ाने के लिए हमारी संयुक्त शक्तियों का लाभ उठाती हैं।

### यह उपलब्धि एक बड़ी जीत : चांडक

आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा, "यह उपलब्धि भारत, सेमी और आईईएसए के लिए एक बड़ी जीत है। यह भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर का ऊर्जाकेंद्र बनने की स्थिति में ले जाएगा, आर्थिक वृद्धि को गति देगा और नवाचार को बढ़ावा देगा।

### केंद्र और राज्य के साथ मिलकर काम करेंगे

जारी बयान में कहा गया कि सेमीकॉन इंडिया 2024 के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से संयुक्त नीति वकालत प्रयासों का मार्ग भी प्रशस्त होगा, जिसमें आईईएसए और सेमी उत्पाद विकास और विनिर्माण के लिए प्रोत्साहनों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेंगे, तथा उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और डिजाइन से जुड़े प्रोत्साहन डीएलआई मॉडल जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का लाभ उठाएंगे।

# पीएम ई-ड्राइव योजना से ईवी की स्वीकार्यता बढ़ेगी एमएंडएम, टाटा मोटर्स



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू वाहन कंपनियों महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा मोटर्स ने बृहस्पतिवार को पीएम ई-ड्राइव योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता बढ़ेगी यानी ज्यादा लोग इनको खरीदना चाहेंगे।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 11 सितंबर को बस, एम्बुलेंस और ट्रक समेत ईवी को बढ़ावा देने वाली दो प्रमुख परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। इनका कुल परिव्यय 14,335 करोड़ रुपये है। ये दो योजनाएं - दो वर्षों की अवधि में 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव क्रांति इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना, और 3,435 करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम-ई-बस सेवा-भुगतान सुरक्षा तंत्र (पीएसएम) योजना हैं।

### राष्ट्र निर्माण में सहयोग रहेगा जारी

उन्होंने कहा, "हम पर्यावरण अनुकूल परिवहन की दिशा में राष्ट्र निर्माण के इस प्रयास में सरकार और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग करना जारी रखेंगे।" ऑनलाइन कैब बुकिंग सेवा उपलब्ध कराने वाली ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल ने कहा कि यह योजना देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की स्वीकार्यता को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

### 6 साल में 100 प्रश विद्युतीकरण का लक्ष्य

शाह ने कहा, "पीएम ई-ड्राइव के साथ हम भारत को इस खंड में 2030 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण प्राप्त करने वाला पहला देश बनता देख रहे हैं। टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से ट्रक, बस और एम्बुलेंस खंड में शून्य-उत्सर्जन परिवहन की ओर भारत की यात्रा को और अधिक गति और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ाएगी।

# बायो-ई3 नीति भारत में जैव-क्रांति का सूत्रपात करेगी : जितेंद्र सिंह

■ चिकित्सा के नवाचार एवं जैव-विनिर्माण के लिए जैविक संसाधनों के टिकाऊ और कुशल उपयोग को सुगम बनाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार की बायो-ई3 नीति भारत को वैश्विक जैव-अर्थव्यवस्था के अगुवा के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह पश्चिमी दुनिया में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्रांति के समान भारत में 'जैव क्रांति' को जन्म देगी। पिछले महीने पेश की गई बायो-ई3 नीति का उद्देश्य विशेष रसायन, एंजाइम, बायो-पॉलिमर, स्मार्ट प्रोटीन, पशु चिकित्सा उत्पादों, सटीक जैव-चिकित्सा के नवाचार एवं जैव-विनिर्माण के लिए जैविक संसाधनों के टिकाऊ और कुशल उपयोग को सुगम बनाना है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सिंह ने यहां 'वैश्विक जैव-भारत सम्मेलन 2024' को संबोधित करते हुए कहा कि यह नीति भारत को वैश्विक जैव-अर्थव्यवस्था के अगुवा के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### देश भर के केंद्र निर्माण की रूपरेश पेश की

उन्होंने देशभर में जैव-प्रौद्योगिकी केंद्र के निर्माण की रूपरेखा भी पेश की जो स्टार्टअप और स्थापित कंपनियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा और शोध एवं वाणिज्यिक विनिर्माण के बीच की खाई पाटने में मदद करेगा। इन केंद्रों से दूसरे एवं तीसरे दर्जे के शहरों में नए रोजगार भी पैदा होने की उम्मीद है।

# केवल 2 दिन बाकी... फिर खत्म हो रही फ्री में आधार कार्ड अपडेट करने की डेडलाइन

■ कोई सरकारी योजना का लाभ उठाना हो, आधार कार्ड हर जगह जरूरी हो गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आधार कार्ड एक ऐसा डॉक्यूमेंट है जिसकी जरूरत आजकल लगभग हर काम के लिए पड़ती है। चाहे आपको बैंक खाता खुलवाना हो, मोबाइल सिम लेना हो या फिर कोई सरकारी योजना का लाभ उठाना हो, आधार कार्ड हर जगह जरूरी हो गया है। इस बीच सितंबर का महीना कई जरूरी कामों के लिए महत्तवपूर्ण है। दरअसल, इसी महीने में आधार कार्ड से जुड़ी डेडलाइन खत्म हो रही हैं।

यूआईडीएआई अभी 10 साल पुराने आधार को अपडेट कराने की सुविधा बिल्कुल फ्री दे रही है और ये काम बिना पैसे के निपटाने की डेडलाइन 14 सितंबर 2024 को खत्म हो रही है। ऐसे में इसे करने के लिए आपके पास सिर्फ 6 दिन का समय बाकी है इसके बाद आपको इस काम के लिए पैसे देने होंगे।

***डेडलाइन के बाद देना होगा चार्ज***

*यूआईडीएआई अभी 14 सितंबर तक फ्री में आधार कार्ड अपडेट करवाने का मौका दे रही है। अगर फ्री में आधार कार्ड अपडेट करवाना है तो इसका लाभ उठना चाहिए। 2 दिन का समय बाकी है। इसके बाद आपको आधार अपडेट के लिए 50 रुपये चार्ज देना होगा।*




### तुरंत अपेडट कर लें फ्री में आधार कार्ड

अगर आपका आधार कार्ड 10 साल पुराना हो गया है तो उसे एक बार जरूर अपडेट कर लें। सरकार की ओर से पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराने को लेकर लगातार अपील की जा रही है। अगर आपने अब तक अपना आधार अपडेट नहीं किया है तो उसे तुरंत 14 सितंबर से पहले अपडेट कर लें।

## ऐसे करें अपनी डिटेल की जांच

अगर आपको अपना आधार कार्ड फ्री में अपडेट करवाना है तो सबसे पहले आप यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट **https://uidai.gov.in/** पर जाएं। फिर होमपेज पर माई आधार पोर्टल पर जाएं और आधार नंबर-रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर मिले ओटीपी से लॉग इन करें। इसके बाद अपनी डिटेल की जांच करें और अगर डिटेल सही हैं तो सही वाले बॉक्स पर टिक करें। डेमोग्राफिक जानकारी गलत मिलने पर ड्रॉप-डाउन मेनू से पहचान दस्तावेज सेलेक्ट करें और डॉक्यूमेंट अपलोड कर दें। ध्यान रहे कि यह दस्तावेज जेपीईजी, पीएनजी और पीडीएफ के रूप में अपलोड किया जा सकता है।

### फ्री सर्विस केवल यूआईडीएआई पोर्टल पर ही

आधार कार्ड अपडेट की फ्री सर्विस केवल यूआईडीएआई पोर्टल पर ही उपलब्ध है। इसकी डेडलाइन को कई बार आगे बढ़ाया जा चुका है और ऐसे में अब ये फ्री सर्विस और आगे बढ़ाई जाने की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। ऐसे में अगर आपने आधार कार्ड अपडेट नहीं किया है तो 14 सितंबर के बाद शुल्क का भुगतान करना पड़ेगा।

***कई बार बढ़ाई जा चुकी है डेडलाइन***

*10 साल से ज्यादा समय पहले बनवाए गए आधार कार्ड को फ्री में अपडेट करवाने की सुविधा दी हुई है और इसकी डेडलाइन को कई बार आगे बढ़ाया जा चुका है।*

# मनमोहन सरकार के दौरान 'इफ्तार' में जाते थे सीजेआई

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने किया विपक्ष पर पलटवार

**1** पीएम मोदी के सीजेआई चंद्रचूड़ के घर जाने पर सियासत तेज **2** संजय समेत विपक्ष ने घेरा तो मिलिंद-पात्रा ने किया पलटवार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में गणेश उत्सव की धूम है। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर पहुंचे। उन्होंने गणपति बप्पा का दर्शन-पूजन किया। इसी पर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं को लापरवाही भरा बताया।



उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत पर निराधार आक्षेप लगाना एक खतरनाक मिसाल कायम करता है। क्या पीएम और सीजेआई एक-दूसरे मिल भी नहीं सकते? भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मिलना किसी भी तरह गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान इफ्तार पार्टी आयोजित की जाती थी, इसमें तत्कालीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश शामिल भी होते थे। ऐसा लगता है कि वे गणपति पूजा का विरोध कर रहे हैं।

### देवड़ा का पलटवार- यह गैरजिम्मेदराना



शिवसेना मिलिंद देवड़ा ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जब फैसले उनके पक्ष में आते हैं तो विपक्ष सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता की प्रशंसा करता है। चीजें उनके अनुकूल नहीं होती हैं तो समझौत बताते हैं। सुप्रीम कोर्ट पर निराधार आरोप लगाना खतरनाक है। यह न केवल एक गैरजिम्मेदराना हरकत है।

### कांग्रेस-कम्युनिस्टों को हिंदू त्योहारों से दिक्कत



भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि निरर्थक हलचल मच गई है। इन्हीं संदिग्धों ने इसे धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक माना जब डॉ. मनमोहन सिंह ने इफ्तार पार्टियों की मेजबानी की और तत्कालीन सीजेआई इसमें शामिल हुए कांग्रेस और कम्युनिस्टों को हमेशा हिंदू त्योहारों से दिक्कत रही है।

### सभ्यता, एकजुटता विपक्ष के लिए अभिशाप



पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष ने कहा कि यह शुद्ध रूप से गणपति पूजा थी। जयसिंह की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में क हा, 'रोना शुरू हो गया!!!! सभ्यता, सौहार्द, एकजुटता, देश की यात्रा में सहयात्री... सभी इन वामपंथी उदारवादियों के लिए अभिशाप हैं।

### इफ्तार पार्टी में सुब्रमण्यम भी गए थे



इस मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह ऐसा नहीं है कि पहली बार हुआ हो, यूपीए की सरकार में तो इफ्तार पार्टियां हुआ करती थीं। वहां जज भी जाते थे, चीफ जस्टिस भी जाते थे। जब मनमोहन सिंह ने इफ्तार पार्टी की तो जस्टिस बाला सुब्रमण्यम भी गए।

### राउत ने कहा- हमें न्याय पर संदेह होने लगा



संजय राउत ने कहा कि अगर संविधान के संरक्षक राजनेताओं से मिलते हैं तो लोगों के दिमाग में संदेह पैदा हो सकता है। हमारे मामले की सुनवाई सीजेआई चंद्रचूड़ कर रहे हैं, इसलिए हमें संदेह है कि हमें न्याय मिलेगा या नहीं, क्योंकि पीएम मोदी दूसरी पार्टी में हैं। सीजेआई को इस मामले से खुद को अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि दूसरी पार्टी के साथ उनका संबंध अच्छे से दिख रहा है।

### जयसिंह बोलीं- शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से समझौता किया



दरअसल, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की स्वतंत्रता पर से सारा भरोसा उठ गया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को कार्यपालिका से सीजेआई की स्वतंत्रता से सार्वजनिक रूप से किए गए समझौते की निंदा करनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### जलभराव में फंसे डीएम छोड़नी पड़ी कार

आगरा। यहां के जिलाधिकारी भानु चंद गोस्वामी गुरुवार को सुबह फतेहपुर सीकरी स्थित कौरई जा रहे थे। वहां सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होना था। रास्ते में रेलवे अंडर पास को पार करते समय जलभराव के कारण उनकी कार फंस गई। जिलाधिकारी को अपनी कार वहीं छोड़कर ट्रैक्टर से रास्ता पार करना पड़ा। जिलाधिकारी ने जलभराव दूर कराने के निर्देश दिए हैं।



### राज्यमंत्री की बेटी एनसीपी (शरद गुट) में शामिल

मुंबई। महाराष्ट्र के राज्यमंत्री धर्मराव बाबा आत्रम की बेटी भाग्यश्री ने शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की सदस्यता ली। वे अपने पिता के खिलाफ विधानसभा चुनाव में एनसीपी (शरद) से चुनाव लड़ सकती हैं। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और अनिल देशमुख ने उनको गढ़ चिरौली के अहेरी में हुए कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता दिलाई।



### रायगढ़ में केमिकल कंपनी में ब्लास्ट, 2 लोगों की मौत

रायगढ़। महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में गुरुवार को एक केमिकल कंपनी में भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम 2 श्रमिकों की मौत हो गई और 4 अन्य घायल हो गए। घटना सुबह 11.15 बजे मुंबई से लगभग 110 किमी दूर रोहा शहर के धतव एमआईडीसी में साधना नाइट्रो केम लिमिटेड में हुई। एसपी ने कहा कि विस्फोट रासायनिक संयंत्र के भंडारण टैंक में हुआ।



### आरजेडी सुप्रीमो लालू की हुई एंजियोप्लास्टी

मुंबई। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद एक बार फिर इलाज के सिलसिले में मुंबई में जहां उनकी एंजियोप्लास्टी हुई है। । 10 सितंबर को उन्हें मुंबई के एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया था। बुधवार को उनकी एंजियोप्लास्टी हुई। यहां इलाजरत 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को एक-दो दिन में उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है।



### अलीगढ़ से घूमने निकले 4 दोस्तों की मौत

मुजफ्फरनगर। जनपद के नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून हाईवे पर पचैंडा बाइपास के निकट हादसे में 4दोस्तों की मौत हो गई। अर्टिगा गाड़ी आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी।अर्टिगा सवार अलीगढ़ के थाना गोंडा के गांव गौणअडा निवासी जुगल पुत्र ललित , भोला पुत्र महेंद्र , गिरिन पुत्र शिवचरण और राहुल पुत्र बृजवीर की मौत हो गई। 3युवक घायल हो गए।



## शर्तें न मानने पर ममता से मिलने नहीं पहुंचे हड़ताली डॉक्टर्स

# ममता बोलीं- माफी मांगती हूं, कुर्सी की भूखी नहीं हूं, मैं इस्तीफा दे दूंगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर की हत्या के मुद्दे पर सरकार और चिकित्साकर्मियों के बीच गतिरोध जारी है। इस मुद्दे पर गुरुवार को डॉक्टरों का एक दल बैठक के लिए नबन्ना पहुंचा। हालांकि, यहां बैठक नहीं हो पाई। ममता बेनर्जी ने बैठक को लेकर कहा कि बातचीत होने पर ही समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि हमने जूनियर डॉक्टरों से मिलने के लिए दो घंटे तक इंतजार किया, लेकिन वे बैठक स्थल पर नहीं आए।

ममता ने इसके बाद कहा कि वे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं। मुझे पद की चिंता नहीं है। मैं कुर्सी की भूखी नहीं। मैं माफी मांगती हूं। मुझे न्याय चाहिए, मुझे केवल न्याय मिलने की चिंता है। उन्होंने आगे कहा कि आरजी कर मामले में गतिरोध को समाप्त करने के लिए मैंने जूनियर डॉक्टरों से बातचीत करने की तीन बार कोशिश की। हमारे पास जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की व्यवस्था थी, हम उच्चतम न्यायालय की अनुमति से इसे उनके साथ साझा कर सकते थे। हड़ताली डॉक्टरों को सरकार से बात करनी चाहिए।

### प्रदर्शनकारी डॉक्टरों और सरकार के बीच फिलहाल गतिरोध जारी

डॉक्टर्स 2 प्रस्ताव कर चुके खारिज ममता ने उन पर नहीं मिलने का आरोप मढ़ा





### डॉक्टर्स की शर्तें

*चिकित्सकों ने राज्य सरकार को एक पत्र भेजा था। उन्होंने मुख्य सचिव द्वारा निर्धारित अधिकतम 15 प्रतिनिधियों के बजाय बैठक में कम से कम 30 प्रतिनिधियों को बैठक में शामिल होने की अनुमति देने की अपील की थी। डॉक्टरों का कहना है कि ममताकी मौजूदगी में केवल उनकी मांगों पर ही बातचीत की जाए। इस बातचीत का सीधा प्रसारण टीवी पर किए जाने की मांग भी की गई थी।*

### हमने बैठक की पूरी कोशिश की...

*ममता ने कहा कि आरजी कर मामला क्योंकि न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए डॉक्टरों की मांग के अनुसार उनके साथ बैठक का सीधा प्रसारण नहीं किया जा सकता। मैंने जूनियर डॉक्टरों के साथ बैठने की पूरी कोशिश की। यहां तक कि जब उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को स्वीकार नहीं किया, तब भी मैंने अपने मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजी और मेरे राज्य मंत्री सहित अपने शीर्ष अधिकारियों के साथ 3 दिन तक इंतजार किया। मैं इस देश और दुनिया के लोगों से माफी मांगती हूं जो डॉक्टरों का समर्थन कर रहे हैं। हम आम लोगों के लिए न्याय चाहते हैं। हम आम लोगों के इलाज के लिए न्याय चाहते हैं। हम चाहते हैं कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वे अपनी ड्यूटी पर वापस आएं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के 3 दिन बीत चुके हैं लेकिन हम कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं कर रहे हैं क्योंकि कभी-कभी हमें बर्दाश्त करना पड़ता है।*

### मेडिकल कॉलेज के पास मिला संदिग्ध बैग

### प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर्स में मचा हड़कंप



यहां के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल के पास एक संदिग्ध बैग मिलने की खबर है। यहीं जूनियर डॉक्टर्स प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की हत्या मामले में न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच अफवाह थी कि बैग में बम है। बैग की तलाशी के लिए प्रोटेस्ट साइट पर डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची। बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंचा। परिसर की तलाशी ली। यह अस्पताल डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के बाद से चर्चा में है। घटना के बाद से ही बंगाल में तनावपूर्ण माहौल है। तलाशी के बाद जब बैग खोला गया तो उसमें बम नहीं था, बल्कि बैग में कुछ खाने-पीने के समान और कुछ वस्तुएं थी। जांच के बाग बैग में एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल, पानी की बोतल, दो तिरंगा मसाले की पुड़िया,कुछ कागज और फल मिले। इस बैग में कुछ दस्तावेज भी थे। कोई विस्फोटक पदार्थ भी नहीं था।

### उत्तर 24 परगना में मिला कच्चा बम

*दूसरी तरफ उत्तर 24 परगना के भाटपारा नगर पालिका में वार्ड नंबर 12 के एक घर में कच्चा बम मिला। भाटपाड़ा पुलिस मौके पर मौजूद है। बम डिस्पोजल स्कॉड को घटनास्थल पर बुलाया गया है।*

## मांड्या में शोभायात्रा में बवाल

# 2 गुटों में बहस, हिंसा व आगजनी, 46 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ मांड्या

कर्नाटक के मांड्या के नागमंगला कस्बे में भगवान गणेश की प्रतिमा की शोभायात्रा में हिंसा भड़क गई। पुलिस ने 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला बुधवार देर रात का है।

पुलिस ने बताया कि जब बदरिकोप्पलु गांव से श्रद्धालु शोभायात्रा निकाल रहे थे, तब दो समूहों के बीच बहस हो गई और कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया, जिससे स्थिति बिगड़ गई। दोनों समूहों के बीच झड़प के बाद कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की गई और वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने हल्का बल प्रयोग किया। 2 पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोग घायल हो गए। शोभायात्रा निकालने वाले युवाओं के समूह ने थाने के निकट विरोध प्रदर्शन किया और हिंसा के लिए जिम्मेदारों की गिरफ्तारी की मांग की।

### मस्जिद के पास की उपद्रवियों ने पत्थरबाजी

डिप्टी कमिश्नर डॉ. कुमार ने बताया कि घटना शाम को गणेश जुलूस के दौरान हुई। जब जुलूस मस्जिद के पास पहुंचा तो कुछ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की। बाद में विरोध प्रदर्शन भी हुआ। आईजी, एसपी और मैंने घटनास्थल का दौरा किया है। हम स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं। 2-3 दुकानों में आग लगा दी गई। एहतियात के तौर पर 14 सितंबर तक धारा 144 सीआरपीसी लागू रहेगी। हम इसकी जांच कर रहे हैं। इससे बिजली गुल हो गई है। मैंने विभाग से बात की है।

### अब स्थिति काबू में

पुलिस ने कहा कि स्थिति पर काबू पा लिया गया है। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। 14 सितंबर तक इलाके में 4से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, हत्या का प्रयास, सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आर्मी जोन में गैंगरेप पर सियासत

# राहुल और मायावती भड़के, भाजपा राज में कानून व्यवस्था खत्म हुई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





मध्यप्रदेश के इंदौर के पास महू में हुई गैंगरेप की घटना से सियासत गरमा गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधीऔर बसपा सुप्रीमो मायावती ने भाजपा सरकार को घेरा है। दोनों ने कहाकि महिला सुरक्षा के मामले में भाजपा पूरी तरह से विफल है।

न तो कानून व्यवस्था है न ही जनता की कहीं सुनवाई है।सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। भाजपा शासित राज्यों की कानून व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है। महिलाओं के खिलाफ़ दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक है। जामगेट में घूमने गए सेना के दो अफसरों पर हमला, उन्हें बंधक बनाना तथा उनकी महिला मित्रों के साथ दुष्कर्म की घटना अति-शर्मनाक। सरकार ध्यान दे।

# बृजभूषण सिंह से डरते हैं प्रधानमंत्री, इसलिए नहीं दिया हमारा साथः फोगाट

जुलाना। पेरिस ओलंपिक से खाली हाथ लौटने के बाद विनेश फोगाट ने राजनीति के अखाड़े में दम दिखाने का फैसला किया है। विनेश कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा के जुलाना से चुनाव में उतरी हैं।



राजनीति में आते ही विनेश फोगाट ने बड़े खुलासे किए। उन्होंने रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह से लेकर देश के पीएम नरेंद्र मोदी तक पर निशाना साधा। विनेश ने यहां तक कह दिया कि पीएम मोदी ने धरने पर बैठे उन जैसे पहलवानों की बात इसलिए नहीं सुनी क्योंकि वह बृजभूषण से डरते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को फटकारा

एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर से संबंधित मामले पर सुनवाई

# अवैध संबंध में महिला अधिकारी बरी और पुरुष दोषी, आदेश को नहीं माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उसके आदेश की अनदेखी करने को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि जब उसने एक बार आदेश दे दिया तो फिर उसी के अनुसार सब कुछ होना चाहिए था। मामला एक एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर केस से जुड़ा है।

हाईकोर्ट ने दो न्यायिक अधिकारियों को 2009 में उनके खिलाफ कथित विवाहेत्तर संबंध (एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर) के आरोपों पर सेवा से बर्खास्त कर दिया था। आरोप पुरुष अधिकारी की पत्नी द्वारा लगाए गए थे। उच्च न्यायालय ने महिला न्यायिक अधिकारी को सेवा में बहाल कर दिया, जबकि पुरुष अधिकारी की याचिका खारिज कर दी थी।



### विवाहेत्तर संबंधों के आरोप का कोई ठोस सबूत नहीं

*दोनों अधिकारियों ने सेवाओं की बर्खास्तगी को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। 25 अक्टूबर 2018 को उच्च न्यायालय ने पुरुष अधिकारी की अर्जी खारिज कर दी। एक दिन बाद, उसी पीठ ने महिला अधिकारी को बहाल करने का आदेश दिया। न्यायालय ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए विवाहेत्तर संबंधों के आरोप का कोई ठोस सबूत नहीं है।*

### ढोल-ताशे पुणे के प्राण बजने दें: सीजेआई

*सुप्रीम कोर्ट ने पुणे में भगवान गणेश की मूर्तियों के विसर्जन के समारोहों में शामिल होने वाले 'ढोल-ताशा' समूहों में लोगों की संख्या 30 तक सीमित करने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी।सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने महाराष्ट्र सरकार, पुणे प्रशासन और अन्य को नोटिस जारी करते हुए कहा कि उन्हें ढोल ताशे बजाने दें। यह पुणे की जान है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई की।*

## त्योहारी सीजन में मिलावट के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त

# मिलावटखोरों पर कार्रवाई करेंगी विभिन्न एजेंसियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में गणेश उत्सव के साथ ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो गई है। फिर दशहरा और दिवाली की धूमधाम रहेगी। ऐसे में त्योहारों के लिए खासतौर पर तैयार होने वाली मिठाई, नमकीन और दुग्ध उत्पादों को लेकर सरकार सतर्क हो गई है।

सरकार ने खाद्य वस्तुओं में मिलावट रोकने लिए कदम उठाने जा रही है। सरकार खासकर दिवाली पर मिठाइयों, नमकीन, दूध और दूध से बने उत्पादों जैसे घी, खोया, पनीर आदि में मिलावट की जांच के लिए विशेष अभियान चलाने जा रही है।

नमकीन-मिठाई और दूध पर होगी सरकार की नजर, वैन रहेगी तैयार



**सभी निदेशकों को दिए कार्रवाई करने के निर्देश**

केंद्र की एजेंसी भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने राज्यों के खाद्य संरक्षा विभागों और भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के सभी क्षेत्रीय निदेशकों को मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने मिठाई, नमकीन और दुग्ध उत्पादों में मिलावट को रोकने के लिए राज्यों के खाद्य संरक्षा विभागों को एक आदेश जारी किया है।

### विशेष निगरानी की जाएगी

*प्राधिकरण ने कहा है कि त्योहारी सीजन के दौरान मिठाई, नमकीन, दूध और दूध से बने उत्पाद जैसे घी, खोया, पनीर आदि की मांग बढ़ जाती है। इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता की बढ़ती मांगों को पूरा करने और अधिक कमाई के लिए दुकानदार ऐसे उत्पादों में मिलावट करना शुरू कर देते है। मिलावट को रोकने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा त्योहारी सीजन में विशेष निगरानी अभियान चलाना होगा।*

### फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल वैन तैनात रहेगी

*अभियान के तहत त्योहारी मौसम के दौरान मिठाई, नमकीन, दूध और दूध से बने उत्पाद जैसे घी, खोया, पनीर आदि के निर्माण और बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए लगातार सतर्कता/निगरानी अभियान भी शुरू किए जाएंगे। सभी राज्यों के प्रमुख बाजारों में या सूचना के आधार पर चिन्हित स्थानों पर मिलावट की जांच करने के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स मोबाइल वैन तैनात की जाएगी।*

## संजौली मस्जिद मामला

# मुस्लिम समुदाय ने खुद गिराई जेल रोड मस्जिद की अवैध सुरक्षा दीवार

एजेंसी ▶▶ मंडी

शिमला के संजौली मस्जिद मामले की घटना से सबक लेते हुए मुस्लिम समुदाय ने मंडी के जेल रोड में मस्जिद के आगे लोक निर्माण विभाग की जमीन पर अवैध रूप से बनाई सुरक्षा दीवार व कमरा खुद गिरा दिया।



गुरुवार दोपहर लोक निर्माण विभाग व पुलिस की टीम जेल रोड पहुंची। वहां मुस्लिम पक्ष के लोगों से बात की। इसके बाद वह सुरक्षा दीवार गिराने पर सहमत हो गए। मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी ने यहां लोक निर्माण विभाग की करीब 33 वर्गमीटर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। मस्जिद के ऊपर अवैध बनी दो मंजिल आयुक्त कोर्ट शुक्रवार को अपना निर्णय सुनाएगा। 6सदस्यीय कमेटी आयुक्त को रिपोर्ट सौंपेगी।मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी निर्माण कार्य से संबंधित कोई भी रिकॉर्ड न्यायालय के समक्ष पेश नहीं कर पाई थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मोः 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)